# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# UPSSSC

# सहायक स्टोर कीपर

## मुख्य परीक्षा

# प्रैक्टिस बुक

**प्रधान सम्पादक**
आनन्द कुमार महाजन
**लेखन सहयोग**
परीक्षा समिति विशेषज्ञ
**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, आशीष गिरि
**सम्पादकीय कार्यालय**
**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**
**9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbooks.com/www.yctbooksprime.com**
**© All rights reserved with Publisher**
**yct books official**
**प्रकाशन घोषणा**
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर,
वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।
इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है
फिर भी किसी त्रुटि के लिए सम्पादक एवं प्रकाशक जिम्मेदार नहीं होगा।
किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# विषय सूची


■ प्रैक्टिस सेट - 1 ---------------------------------------------------------- 5-18

■ प्रैक्टिस सेट - 2 ----------------------------------------------------------19-32

■ प्रैक्टिस सेट - 3 ---------------------------------------------------------- 33-47

■ प्रैक्टिस सेट - 4 ---------------------------------------------------------- 48-61

■ प्रैक्टिस सेट - 5 ---------------------------------------------------------- 62-75

■ प्रैक्टिस सेट - 6 ---------------------------------------------------------- 76-89

■ प्रैक्टिस सेट - 7 ---------------------------------------------------------- 90-102

■ प्रैक्टिस सेट - 8 ---------------------------------------------------------- 103-115

■ प्रैक्टिस सेट - 9 ---------------------------------------------------------- 116-128

■ प्रैक्टिस सेट - 10 --------------------------------------------------------129-141

■ प्रैक्टिस सेट - 11 --------------------------------------------------------142-154

■ प्रैक्टिस सेट - 12 --------------------------------------------------------155-167

■ प्रैक्टिस सेट - 13 --------------------------------------------------------168-181

■ प्रैक्टिस सेट - 14 --------------------------------------------------------182-194

■ प्रैक्टिस सेट - 15 --------------------------------------------------------195-208

# सहायक स्टोर कीपर व सहायक ग्रेड-तीन के रिक्त पदों पर चयन हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

**प्रथम चरण ( लिखित परीक्षा )-**

प्रश्नगत परीक्षा में एक प्रश्न पत्र होगा, जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात 1/4 होगी।

## परीक्षा योजना

परीक्षा के भाग, विषय, प्रश्नों की संख्या, निर्धारित कुल अंक और समयावधि नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | 20 | 20 | दो घण्टा (120 मिनट) |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 20 | 20 | |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| भाग-4 | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 20 | 20 | |
| भाग-5 | उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| **योग** | | **100** | **100** | |

**नोट-** उपर्युक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात् 1/4 होगी।

## पाठ्यक्रम

**भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता**

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षा हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे।

**भाग-2 सामान्य बुद्धि परीक्षण**

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की अभ्यर्थी की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे जो अनुदेशों को समझने, संबंधों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

**भाग-3 सामान्य जानकारी**

प्रश्न पत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके उपयोग के बारे में उसकी योग्यता के आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे जिनसे ऐसी समसामयिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें वैज्ञानिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजव्यवस्था तथा संविधान इत्यादि से जुड़े आयामों (विशेष कर भारत से संबंधित) जिनकी एक शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है।

**भाग-4 कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान**

- कम्प्यूटर, सूचना तकनीकी, इन्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का इतिहास, परिचय एवं अनुप्रयोग।
- निम्नलिखित बिन्दुओं सम्बन्धी सामान्य ज्ञान-

  1. हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर।
  2. इनपुट एवं आउटपुट।
  3. इन्टरनेट प्रोटोकॉल/आई.पी.एड्रेस।
  4. आई.टी. गैजेट एवं उनका अनुप्रयोग।
  5. ई-मेल आई.डी. को बनाना एवं ई-मेल का प्रयोग/संचालन।
  6. प्रिंटर, टेबलेट एवं मोबाइल का संचालन।
  7. वर्ड प्रोसेसिंग (MS-Word) एवं ऐक्सेल प्रोसेसिंग (MS-Excel) के महत्वपूर्ण तत्व।
  8. ऑपरेटिंग सिस्टम, सोशल, नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस।

- डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग।
- भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा।
- कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स) तथा इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ आदि।

**भाग-5 उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी**

प्रश्न प्रत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति-रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियाँ आदि पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

## द्वितीय चरण ( टंकण परीक्षा )

लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की टंकण दक्षता परीक्षण हेतु द्वितीय चरण में टंकण परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रश्नगत परीक्षा कम्प्यूटर/लैपटॉप पर होगी, जो अर्हकारी प्रकृति की होगी। केवल ऐसे अभ्यार्थियों के चयन पर विचार किया जायेगा, जिन्होंने टंकण के लिए विहित न्यूनतम गति प्राप्त कर ली हो (हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना आवश्यक है।) टंकण परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी।

# PRACTICE SET - 1

**1. किस समूह में सभी स्वर दीर्घ हैं?**
(a) ई, ए, ऐ, ओ, औ (b) ऌ, ऋ, आ, ई, ऊ
(c) अ, आ ऊ, औ, ऐ (d) अ, आ, इ, ऊ, ऋ

**2. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**सुनील जरा इधर आना**
(a) ! (b) :
(c) , (d) ;

**3. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**
(a) वमगिनी (b) वामागिनी
(c) वामंगीनी (d) वामांगिनी

**4. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं?**
(a) 12 (b) 10
(c) 11 (d) 9

**5. 'वह बहुत <u>धार्मिक</u> व्यक्ति है', वाक्य में रेखांकित पद है-**
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) विशेषण

**6. क्रिया के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन सही है?**
(a) क्रिया अविकारी शब्द है
(b) क्रियापद के उस अंश को धातु कहते हैं जो किसी क्रिया के विकारी रूपों में पाया जाता है
(c) क्रियापद के उस अंश को धातु कहते हैं जो किसी क्रिया के प्रायः सभी रूपों में पाया जाता है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7. निम्नलिखित में से किस वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण है?**
(a) इस बार बारिश में बहुत ओले पड़े।
(b) यह लड़की सुन्दर है।
(c) मैदान हरा-भरा है।
(d) तुम अच्छे खिलाड़ी हो।

**8. 'यह काम उसने ही किया होगा' इस वाक्य में 'ही' क्या है?**
(a) कालवाचक क्रियाविशेषण (b) निपात
(c) क्रियाविशेषण (d) विस्मय

**9. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द कौन-सा है?**
(a) दर्शन (b) घरों
(c) नदी (d) लताओं

**10. निम्नलिखित में से कौन सा वर्तमान काल का भेद नहीं है?**
(a) तात्कालिक वर्तमान (b) पूर्ण वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) हेतुहेतुमद् वर्तमान

**11. कारक के भेद हैं -**
(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ

**12. 'कर्तरी' शब्द का तद्भव रूप क्या है?**
(a) कैंची (b) कचहरी
(c) कर्ता (d) कर्तब

**13. 'बेसुरा भी भरपूर अभ्यास से सुरीला गायक बन सकता है'- वाक्य में है**
(a) तीन उपसर्ग तथा दो प्रत्यय
(b) दो उपसर्ग तथा दो प्रत्यय
(c) दो उपसर्ग तथा तीन प्रत्यय
(d) तीन उपसर्ग तथा तीन प्रत्यय

**14. 'सदाचार' का विलोम है-**
(a) आचार (b) कदाचार
(c) अपराध (d) अन्याय

**15. इनमें से 'हिरण्य' का पर्यायवाची कौन-सा है?**
(a) कुरंग (b) कंचन
(c) केशरी (d) सारंग

**16. पर्यायवाची की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है-**
(a) गंगा - जाह्नवी (b) घर - सदन
(c) पानी - पाणि (d) यमुना – कालिंदी

**17. 'जो भविष्य की बात सोचता हो' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?**
(a) भविष्यचिंतक (b) भावी चिंतक
(c) चिंताकुल (d) अग्रसोची

**18. 'जगदीश' शब्द में कौन सी संधि है?**
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं

**19. 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।'**
(a) मिश्र वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) सरल वाक्य

**20. 'आग लगाकर पानी को दौड़ना' कहावत का अर्थ है-**
(a) अत्यन्त लज्जित होना।
(b) अड़चन डालना।
(c) पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना।
(d) व्यर्थ का काम करना।

**21. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिएः**
**कुत्ता : रेबीज :: मच्छर : ?**
(a) प्लेग (b) मृत्यु
(c) मलेरिया (d) डसना

**22. वह संख्या चुनें जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) का स्थान ले सकती है।**
**512, 768, 1152, 1728, ?**
(a) 2888 (b) 2172
(c) 2482 (d) 2592

23. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से असंगत का चयन कीजिए।
(a) 701 (b) 101
(c) 301 (d) 401

24. एक निश्चित कूट में, **PICKLE** को **793235** के रूप में लिखा जाता है और **FORTUNE** को **6692355** के रूप में लिखा जाता है, तो **PERFUME** को उसी कूट में कैसे लिखा जायेगा?
(a) 7596325 (b) 7596385
(c) 7596345 (d) 7595375

25. **X, Y** की बहन और **L** की पुत्री है। **L, S** का भाई और **W** का पति है। **P, S** का पिता है। दिए गए विकल्पों में से **Y** की माता का जेठ/देवर संभवतः कौन हो सकता है?
(a) P (b) L
(c) K (d) S

26. दी गयी वर्णमाला में बायें से सातवें अक्षर और दायें से दसवें अक्षर के बीच में मध्य अक्षर कौन सा है?
**ABCDEFGHIJKLMNOPQRSTUVWXYZ**
(a) O (b) L
(c) M (d) N

27. किसी ट्रैवल एजेंट ने **100** लोगों का सर्वेक्षण किया ताकि यह पता लग सके कि उनमें से कितने मुंबई और बेंगलुरु शहर गए थे। **31** लोग मुंबई आए थे, **26** लोग बेंगलुरु गए थे और **12** लोग दोनों शहरों में गए थे। उन लोगों की संख्या ज्ञात करें, जो न तो मुंबई और न ही बेंगलुरु गए थे
(a) 12 (b) 55
(c) 19 (d) 45

28. यदि E का अर्थ '×' है, F का अर्थ '÷' है, G का अर्थ '+' है और H का अर्थ '-' है तो -
**8 G 36 F 6 H 6 E 3 = ?**
(a) -2 (b) –4
(c) 13 (d) 5

29. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:
**आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं और उनमें से प्रत्येक केंद्र की ओर मुंह करके बैठा है। P, K का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N, M का निकटतम पड़ोसी है। J, K के बाएँ से पाँचवां है। M, K और J का निकटतम पड़ोसी नहीं है। M, P के ठीक बायीं ओर है। O, P का एक निकटतम पड़ोसी है। L, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N के दायीं ओर से पाँचवा कौन है?**
(a) K (b) L
(c) O (d) Q

30. निम्नलिखित तालिका में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए:


(a) 7 (b) 25
(c) 49 (d) 129

31. उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न ( ? ) के स्थान पर आएगी।
**4 8 35 51 176 ?**
(a) 226 (b) 212
(c) 208 (d) 234

32. यहाँ कुछ शब्द एक कृत्रिम भाषा से अनुवादित हैं।
**(i) corbl mlur का अर्थ fan belt**
**(ii) tixn corbl का अर्थ ceiling fan**
**(iii) erth tush का अर्थ tile roof**
किस शब्द का अर्थ **"ceiling tile"** हो सकता है?
(a) erth mlur (b) mlur corbl
(c) corbl tush (d) tixn erth

33. **'SUPERFLUOUS'** शब्द के पहले, चौथे, सातवें और ग्यारहवें अक्षरों से एक सार्थक शब्द-रूप बनाएँ। उस शब्द का पहला अक्षर क्या है?
(a) U (b) L
(c) P (d) R

34. उस विकल्प का चयन करें, जो दिए गए संयोजन के दर्पण प्रतिबिम्ब से काफी मिलता-जुलता हो।



35. समान पासे (डाइस) की तीन अलग-अलग स्थितियाँ दिखाई गई हैं। कौन-सी संख्या वाला फलक 6 दिखाने वाले फलक के विपरीत है?


(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

36. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं और उसके चार निष्कर्ष (I), (II), (III) एवं (IV) दिए गए हैं। उस निष्कर्ष ( षों ) का चयन कीजिए जो तार्किक रूप से दिए गए कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन :
कोई दरवाजा कुत्ता नहीं है।
सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।
निष्कर्ष :
**(i)** कोई दरवाजा बिल्ली नहीं है।
**(ii)** कोई बिल्ली दरवाजा नहीं है।
**(iii)** कुछ बिल्लयाँ कुत्ते हैं।
**(iv)** सभी बिल्लियाँ कुत्ते हैं।

(a) केवल (I) और (II)
(b) सभी चार
(c) केवल (III)
(d) केवल (II) और (III)

**37. दोनों कथनों को पढ़ें और तय करें कि निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है।**
**कथनः**
**I. पुलिस प्राधिकरण ने हाल ही में शहर में सुबह के समय चौकसी बढ़ा दी है।**
**II. शहर में छोटे-मोटे अपराधों की घटनाओं में काफी कमी आई है।**
(a) कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है।
(b) कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं।
(c) कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है।
(d) दोनों कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**38. नीचे दी गई तथ्य सूची को पढ़ें और सही निष्कर्ष का चयन करेंः**
**तथ्यः**
**'M' एक फ्लैट में रहती है, जिसका बीमा नहीं किया हुआ है। बैरो रोड के सभी फ्लैटों का बीमा 'प्रीमियम कवर' के साथ है। श्रीमान तथा श्रीमती 'J' ने अपने फ्लैट का बीमा 'प्लेटिनम रिस्क' के साथ करवाया है।**
**निष्कर्षः**
**श्रीमान तथा श्रीमती 'J' बैरो रोड पर नहीं रहते हैं।**
(a) सही
(b) गलत
(c) नहीं कह सकते।
(d) विसंगत

**39. इस प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष-I और II दिए गए हैं। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निस्संदेह कथन में दी गई जानकारी का तार्किक रूप से पालन करते हैं?**
**कथन :**
**बीपीएल (निर्धनता स्तर से नीचे) परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने से देश X में रसोई गैस का सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित होगा।**
**निष्कर्षः**
**I. भोजन पकाने के पारंपरिक ईंधनों, जैसे जलाऊ लकड़ी, कोयला, आदि का उपयोग, देश X के ग्रामीण हिस्सों में एक सामान्य बात है।**
**II. खाना पकाने का कोई भी अन्य तरीका, एलपीजी के उपयोग जितना प्रभावी नहीं है।**
(a) न तो निष्कर्ष I और नही II पालन करता है।
(b) दोनों निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

**40. अनीता, बिनीता, सिन्डी, दीपक, आइंस्टीन, फिरोज और जॉर्ज एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुँह करके बैठे हैं। फिरोज, आइंस्टीन के तुरंत दाएँ है। आइंस्टीन जॉर्ज के दाएँ चौथा है। सिन्डी, बिनीता और दीपक की पड़ोसी है। दीपक के बाएं तीसरा व्यक्ति पंक्ति के एक छोर पर है।**
**अनीता किस स्थान पर बैठी है?**
(a) आइंस्टीन और दीपक के बीच में
(b) बाएं छोर पर
(c) मध्य में
(d) दाएं छोर पर

**41. सिंधु घाटी सभ्यता के बारे में इनमें से कौन सा कथन सत्य है?**
(a) सिंधु लोग कपास का उत्पादन करने वाले पहले थे।
(b) उन्होंने लकड़ी के बक्से में अनाज भण्डारित किया।
(c) सिंधु घाटी सभ्यता पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान, गुजरात, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को कवर करती है।
(d) सिंधु लोग कुत्तों, बिल्लियों और घोड़ों को बड़े पैमाने पर पालते थे।

**42. पहली बार भारत पर आक्रमण करने वाला मुस्लिम कौन था?**
(a) फिरदौस शाह (b) मुहम्मद गौरी
(c) मोहम्मद बिन कासिम (d) महमूद गजनवी

**43. बक्सर के युद्ध के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी मुगल सम्राट को प्रतिवर्ष______का भुगतान करने के लिए सहमत हुई।**
(a) ₹ 82 लाख (b) ₹ 26 लाख
(c) ₹ 44 लाख (d) ₹ 68 लाख

**44. निम्न का मिलान करेंः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **A.** | ब्रह्म समाज | 1. | स्वामी विवेकानन्द |
| **B.** | रामकृष्ण मिशन | 2. | दयानन्द सरस्वती |
| **C.** | आर्य समाज | 3. | राम मोहन राय |
| **D.** | सत्यशोधक समाज | 4. | के. श्रीधरालू नायडू |
| | | 5. | ज्योतिराव फूले |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 5 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 5 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 5 |

45. निम्नलिखित में से कौन से महत्वपूर्ण व्यक्ति सभी तीन ''गोलमेज सम्मेलन'' में भाग लिए थे-
(a) मदन मोहन मालवीय
(b) एनी बेसेन्ट
(c) महात्मा गाँधी
(d) बी.आर. अम्बेडकर

46. भारत जैसे देशों के लिए उपयुक्त संघवाद का श्रेष्ठ स्वरूप है
(a) सहकारी संघवाद
(b) परस्पर-विरोधी संघवाद
(c) सौदाकारी संघवाद
(d) केन्द्रीकृत संघवाद

47. निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद भारतीय संविधान में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना और गठन के बारे में है?
(a) 120 (b) 118
(c) 122 (d) 124

48. 21 जून को दोपहर को सूर्य की स्थिति एकदम सिर के ऊपर कहाँ पर होती है?
(a) भूमध्य रेखा पर (b) 23.5° उत्तर
(c) 23.5° दक्षिण (d) 66.5° उत्तर

49. भारत का सबसे उत्तरी अक्षांश है-
(a) $97^0$ 25' N (b) $37^0$ 6' N
(c) $68^0$ 7' N (d) इनमें से कोई नहीं।

50. 'आवश्यकता-विहीनता सिद्धांत' के प्रतिपादक अर्थशास्त्री हैं?
(a) नीलकंठ रथ (b) प्रो. जे. के. मेहता
(c) वी. एन. गाडगिल (d) अमर्त्य सेन

51. प्रतिरोध की S.I इकाई क्या है?
(a) फैराडे (b) ओह्म
(c) वोल्ट (d) एम्पियर

52. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया एक रासायनिक परिवर्तन है?
(a) पौधों में प्रकाश संश्लेषण (b) मोम का पिघलना
(c) पानी का संघनन (d) पौधों में वाष्पोत्सर्जन

53. आर्निथोलॉजी का संबंध किससे है?
(a) हड्डियों (b) पक्षियों
(c) आभूषणों (d) धातु

54. कंप्यूटर माउस का आविष्कार किसने किया था?
(a) डगलस एंगेलबर्ट (b) वानेवर बुश
(c) रॉबर्ट स्मिथ (d) बर्टरम राफेल

55. निम्न प्रदूषक एजेन्टों में से कौन सा एजेन्ट ओजोन परत में छेद बनाने के लिए जिम्मेदार है?
(a) CO (b) CFC
(c) $SO_2$ (d) $CH_4$

56. 'भारत के उद्यान शहर' के रूप में किसे जाना जाता है?
(a) तिरुवनंतपुरम् (b) इंफाल
(c) शिमला (d) बेंगलुरु

57. उत्तर प्रदेश राज्य का कौन-सा जिला नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?
(a) पीलीभीत (b) श्रावस्ती
(c) सीतापुर (d) महाराजगंज

58. उत्तर प्रदेश राज्य में यमुना एक्सप्रेस-वे निम्नलिखित किन दो शहरों को जोड़ने के लिए बनाया गया है?
(a) आगरा और लखनऊ
(b) आगरा और इलाहाबाद
(c) आगरा और नोएडा
(d) आगरा और बरेली

59. 26 जून, 2024 को 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष पद पर किसे चुना गया ?
(a) ओम बिरला
(b) के. सुरेश
(c) राजनाथ सिंह
(d) अमित शाह

60. जून, 2024 में भारतीय लोक एवं जनजातीय कला प्रदर्शनी 'हुनर' का आयोजन किया गया।
(a) दुबई
(b) अबू धाबी
(c) सिंगापुर
(d) नई दिल्ली

61. Which of the following CPU registers is used to store data and intermediate results produced by the ALU?
निम्नलिखित में से किस CPU रजिस्टर का उपयोग, डेटा और ALU द्वारा उत्पन्न किए गए मध्यवर्ती परिणामों को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है?
(a) Program counter/प्रोग्राम काउंटर
(b) Memory address register/मेमोरी एड्रेस रजिस्टर
(c) Accumulator/एक्युमुलेटर
(d) Instruction register/इंस्ट्रक्शन रजिस्टर

62. Which among the following has capability to execute computer's command?
कम्प्यूटर को दिए गए आदेश (command) के क्रियान्वयन की क्षमता निम्नांकित में से किसमें है?
(a) Processor Socket/प्रोसेसर सॉकेट
(b) Main Memory/मुख्य स्मृति
(c) Arithmetic Logic Unit/अंकगणितीय तर्क इकाई
(d) Cache Memory/कैश मेमोरी

63. Instructions to computer are given through…
कम्प्यूटर को निर्देश............. से दिये जाते हैं-
(a) Input unit/इनपुट यूनिट
(b) ALU/एएलयू
(c) Printer/प्रिंटर
(d) Pen drive/पेन ड्राइव

64. **Which of the following devices is used to print very large drawings or complex line art by mechanical movement of a pen or other instrument across the surface of a piece of paper?/निम्नांकित में से किस उपकरण का प्रयोग किसी पेन या अन्य उपकरण से एक कागज के टुकड़े के सतह पर यांत्रिक गति द्वारा, अत्यंत बड़े आरेखों या जटिल लाइन आर्ट को प्रिंट करने में किया जाता है?**
(a) Line Printer/लाइन प्रिंटर
(b) Inkjet Printer/इंकजेट प्रिंटर
(c) Scanner/स्कैनर
(d) Plotter/प्लॉटर

65. **Dot Matrix is a type of…………**
**डॉट मैट्रिक्स................का एक प्रकार है-**
(a) Tape/टेप (b) Disk/डिस्क
(c) Printer/प्रिंटर (d) Bus/बस

66. **Which of these is NOT a switching techinque?**
**निम्नलिखित में से कौन एक स्विचिंग तकनीक नहीं है?**
(a) Circuit Switching/सर्किट स्विचिंग
(b) Data Switching/डाटा स्विचिंग
(c) Packet Switching/पैकेट स्विचिंग
(d) Message Switching/मेसेज स्विचिंग

67. **Which one of the following options extends private network across public network, enables users to send and receive data across shared or public networks?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पब्लिक नेटवर्क पर प्राइवेट नेटवर्क का विस्तार करता है, उपयोगकर्ताओं को शेयर्ड या पब्लिक नेटवर्क पर डेटा भेजने और प्राप्त करने में सक्षम बनाता है?**
(a) Local Area Network/लोकल एरिया नेटवर्क
(b) Virtual Private Network/वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क
(c) Enterprise Private Network
एंटरप्राइज प्राइवेट नेटवर्क
(d) Storage Area Network/स्टोरेज एरिया नेटवर्क

68. **Which of the following is NOT a character formatting option in Microsoft Word?**
**निम्नलिखित में से कौन माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में कैरेक्टर फॉर्मेटिंग विकल्प नहीं है?**
(a) Effects/इफेक्ट
(b) Underline/अंडरलाइन
(c) Indentation/इंडेंटेशन
(d) Font style/फॉन्ट स्टाइल

69. **An MS-Excel file can be called a:**
**एम. एस. एक्सेल फाइल को कहा जा सकता है :**
(a) Cellbook/सेलबुक (b) Gridsheet/ग्रिडशीट
(c) Worksheet/वर्कशीट (d) Workbook/वर्कबुक

70. **A process requests resources, if the resources are not available at that time; the process enters a waiting state. Sometimes a waiting process is never again able to change state, because the resources it has requested are held by other waiting processes. This situation is called a/एक प्रक्रिया संसाधनों को अनुरोध करती है, यदि उस समय संसाधन उपलब्ध नहीं हैं; प्रक्रिया प्रतीक्षा की स्थिति में प्रवेश करती है। कभी-कभी प्रतीक्षा प्रक्रिया कभी भी अवस्था को बदलने में सक्षम नहीं होती है, क्योंकि इसके द्वारा अनुरोधित संसाधनों को अन्य प्रतीक्षा प्रक्रियाओं द्वारा आयोजित किया जाता है। यह स्थिति क्या कहलाती है?**
(a) Preemption/प्रीम्पशन
(b) Mutual exclusion/म्यूचुअल एक्सक्लुजन
(c) Deadlock/डेडलॉक
(d) Circular wait/सर्कुलर वेट

71. **What is the Signature in the email ?**
**ई-मेल में एक हस्ताक्षर क्या होता है?**
(a) It is an inbuilt digital signature sent alongwith your email ID as a QR code
यह एक QR कोड के रूप में आपके ई-मेल ID के साथ भेजा गया एक इनबिल्ट डिजिटल हस्ताक्षर है।
(b) It is an electronic and digital signature sent alongwith your email/यह आपके ई-मेल के साथ भेजा गया एक इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल हस्ताक्षर है
(c) It is actually the email ID of the sender attached at the end of the email body
यह वास्तव में ई-मेल बॉडी के अंत में संलग्न प्रेषक की ईमेल ID होती है
(d) It is a block of text oppended to the end of an email message generally having contact information of user/यह एक ई-मेल संदेश के अंत में संलग्न टेक्स्ट का एक ब्लॉक है जिसमें आम तौर पर उपयोक्ता की संपर्क जानकारी होती है

72. **In banking terminology, "PIN" is an acronym of.............**
**बैंकिंग शब्दावली में, ''पिन (पीआईएन)''.............का संक्षिप्त रूप है।**
(a) Payment Identification Number
पेमेंट आइडेंटिफिकेशन नंबर
(b) Private Identificiation Number
प्राइवेट आइडेंटिफिकेशन नंबर
(c) Passwork Identification Number
पासवर्ड आइडेंटिफिकेशन नंबर
(d) Personal identification Number
पर्सनल आइडेंटिफिकेशन नंबर

73. **Which person in the following is known as 'Father of computing'?/निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को 'कंप्यूटिंग के जनक' के रूप में जाना जाता है?**

(a) चार्ल्स बैबेज (b) टिम बर्नर्स ली
(c) फिलिप डॉन एस्ट्रिज (d) जेम्स गॉस्लिन्ग

**74. What is the full form of ASCII?**
**ASCII का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) American Standard Code for Information Interchange
अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज
(b) American Stable Code for Information Interchange
अमेरिकन स्टेबल कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज
(c) American Standard Code for International Interchange
अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इंटरनेशनल इंटरचेंज
(d) American Stable Code for Institutional Interchange/अमेरिकन स्टेबल कोड फॉर इंस्टीट्यूशनल इंटरचेंज

**75. POP is an e-mail related protocol. What is full form of POP/POP, एक ई-मेल संबंधित प्रोटोकॉल है। POP का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) Post Office Progress/पोस्ट ऑफिस प्रोग्रेस
(b) Partial Order Protocol/पार्शियल ऑर्डर प्रोटोकॉल
(c) Post Office Protocol/पोस्ट ऑफिस प्रोटोकॉल
(d) Partial order Program/पार्शियल ऑर्डर प्रोग्राम

**76. Which of the following basic operations is/are performed by a computer ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से मूल ऑपरेशन कम्प्यूटर द्वारा किया जाता है/किये जाते हैं?**
(a) Arithmetic operation/अंकगणितीय ऑपरेशन
(b) Logical operation/तार्किक ऑपरेशन
(c) Storage and retrieval/संचय और पुनर्प्राप्ति
(d) All of these/इनमें से सभी

**77. The program instructions are represented in binary and stored in the _______ from which they are fetched, decoded and executed by the CPU.**
**प्रोग्राम के निर्देशों को बाइनरी में दर्शाया गया है और _____ में संग्रहीत किया गया है जिसमें से वे सीपीयू द्वारा प्राप्त, डिकोड और निष्पादित किए गए हैं।**
(a) memory
(b) memory and chip
(c) chip
(d) control unit

**78. Which company manufactured the first microprocessor 4004?/पहला माइक्रोप्रोसेसर 4004 किस कंपनी द्वारा बनाया गया?**
(a) ENOcean Private Company/एनओशियन प्राइवेट कंपनी
(b) INTEL Corporation/इंटेल कॉर्पोरेशन
(c) PLX Devices/पीएलएक्स डिवाइसेज
(d) NVIDIA Corporation/एनवीडिया कॉर्पोरेशन

**79. Which of the following does not have probabilistic acceptance?**
**निम्न में से कौन से संभाव्य स्वीकृति नहीं है?**
(a) omega automation/ओमेगा ऑटोमेशन
(b) geometric automation/जियोमेट्रिक ऑटोमेशन
(c) quantum finite automation
क्वांटम परिमित ऑटोमेशन
(d) metric automation/मौद्रिक ऑटोमेशन

**80. Which of the following programming languages is related to AI (Artificial Intelligence) development?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज AI (आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस) डेवलपमेंट से संबंधित है?**
(a) C language/C लैंग्वेज
(b) C++ language/C++ लैंग्वेज
(c) Java language/जावा लैंग्वेज
(d) Prolog language/प्रोलॉग लैंग्वेज

**81. 'उत्तर प्रदेश दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?**
(a) 23 जनवरी (b)25 जनवरी
(c) 24 जनवरी (d)26 जनवरी

**82. सुरहाताल पक्षी विहार अवस्थित हैः**
(a) आजमगढ़ में (b) हरदोई में
(c) प्रतापगढ़ में (d) बलिया में

**83. पहला केंचुआ बीज बैंक जहाँ स्थापित होने जा रहा है, वह स्थान है–**
(a) इज्जतनगर (बरेली) (b) पंतनगर
(c) कानपुर (d) मेरठ

**84. उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में रुई (कपास) की स्वदेशी किस्म की बुवाई का उपयुक्त समय निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) अप्रैल का पहला पखवाड़ा
(b) अप्रैल का मध्य
(c) मई का पहला पखवाड़ा
(d) मई का मध्य

**85. उत्तर प्रदेश राज्य में पारीछा बाँध किस नदी पर बनाया गया है?**
(a) शारदा (b) चम्बल
(c) बेतवा (d) घाघरा

**86. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| | (शहर) | (विशेषता) |
|---|---|---|
| (a) | वाराणसी | - संस्कृति एवं धर्म |
| (b) | लखनऊ | - प्रदेश की राजधानी |
| (c) | झाँसी | - औद्योगिक केन्द्र |
| (d) | मुरादाबाद | - पीतल उद्योग |

87. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चनिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. काले मिट्टी के बर्तन | 1. मुरादाबाद |
| B. चीनी मिट्टी के बर्तन | 2. खुर्जा |
| C. पीतल शिल्पकृति | 3. फिरोजाबाद |
| D. शीशा शिल्पकृति | 4. निजामाबाद |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

88. एसोचैम उ0प्र0 एक राज्य स्तरीय वाणिज्य और उद्योग का, प्रमुख चैंबर ऑफ ट्रेड है, जो निजी, सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्रों में बड़ी, मध्यम और छोटी इकाईयों का प्रतिनिधित्व करता है। ASSOCHAM UP का पूरा रूप क्या है?
(a) द एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ उत्तर प्रदेश
(b) द एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ ट्रेड एंड कॉमर्स ऑफ उत्तर प्रदेश
(c) द एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश
(d) द एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश

89. उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'सिरैमिक सिटी' कहा जाता है?
(a) लखनऊ
(b) मुरादाबाद
(c) प्रयागराज (इलाहाबाद)
(d) खुर्जा

90. उत्तर प्रदेश के किस नगर में सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन हुआ था?
(a) कानपुर (b) वाराणसी
(c) लखनऊ (d) इलाहाबाद

91. उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन के संदर्भ में, सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I (स्थान) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| A. मेरठ | 1. 1916 |
| B. कानपुर | 2. 1905 |
| C. लखनऊ | 3. 1946 |
| D. बनारस | 4. 1925 |

कोड :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

92. काल्पी नगर किस नदी के तट पर स्थित है?
(a) गंगा (b) यमुना
(c) नर्मदा (d) कृष्णा

93. अशोक स्तम्भ में उत्कीर्ण किए हुए शेर का मुख, जिसे भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया है, .............. के संग्रहालय में संरक्षित है।
(a) कुशीनगर (b) सारनाथ
(c) कन्नौज (d) लुम्बिनी

94. अवध की रियासत से उस प्रसिद्ध योद्धा बेगम का नाम क्या है जिन्होंने 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों के साथ होने वाली लड़ाई में भाग लिया था?
(a) बेगम हजरत महल
(b) बेगम रजिया सुल्तान
(c) बेगम जहाँआरा
(d) बेगम मेहरुन्निसा

95. निम्नलिखित गुप्त कालीन मंदिरों में कौन सा उत्तर प्रदेश में अवस्थित है ?
(a) नचना कुठार का मंदिर
(b) तिगवा का विष्णु मंदिर
(c) भूमरा का शिव मंदिर
(d) देवगढ़ का दशावतार मंदिर

96. विख्यात भारत माता मंदिर स्थित है–
(a) लखनऊ में (b) वाराणसी में
(c) प्रयागराज में (d) मेरठ में

97. निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य उत्तर प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य शैली है?
(a) भरतनाट्यम (b) ओडिसी
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

98. उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद निम्नलिखित में से किस स्थान पर अवस्थित है?
(a) झाँसी (b)लखनऊ
(c) कानपुर (d)प्रयागराज

99. उत्तर प्रदेश वित्त निगम का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) प्रयागराज (d) वाराणसी

100. जनसंख्या के मामले में, उत्तर प्रदेश भारत के राज्यों में किस पायदान/स्थान पर है?
(a) तीसरे (b) चौथे
(c) दूसरे (d) पहले

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 11. (d) | 21. (c) | 31. (b) | 41. (a) | 51. (b) | 61. (c) | 71. (d) | 81. (c) | 91. (c) |
| 2. (c) | 12. (a) | 22.(d) | 32. (d) | 42. (c) | 52. (a) | 62. (c) | 72. (d) | 82. (d) | 92. (b) |
| 3. (d) | 13. (d) | 23. (d) | 33. (b) | 43. (b) | 53. (b) | 63. (a) | 73. (a) | 83. (a) | 93. (b) |
| 4. (c) | 14. (b) | 24. (c) | 34. (a) | 44. (c) | 54. (a) | 64. (d) | 74. (a) | 84. (a) | 94. (a) |
| 5. (d) | 15. (b) | 25. (d) | 35. (c) | 45. (d) | 55.(b) | 65. (c) | 75. (c) | 85. (c) | 95.(d) |
| 6. (c) | 16. (c) | 26. (b) | 36. (c) | 46. (a) | 56. (d) | 66. (b) | 76. (d) | 86. (c) | 96.(b) |
| 7. (a) | 17. (d) | 27. (b) | 37. (a) | 47. (d) | 57. (c) | 67. (b) | 77. (a) | 87. (b) | 97. (c) |
| 8. (b) | 18. (b) | 28. (b) | 38. (a) | 48. (b) | 58. (c) | 68. (c) | 78. (b) | 88. (d) | 98. (b) |
| 9. (c) | 19. (c) | 29. (b) | 39. (a) | 49. (b) | 59. (a) | 69. (d) | 79. (a) | 89. (d) | 99. (b) |
| 10. (d) | 20. (c) | 30. (b) | 40. (d) | 50. (b) | 60. (a) | 70. (c) | 80. (d) | 90. (d) | 100. (d) |

## SOLUTION

**1. (a)**
दिये गये विकल्पों में समूह (ई, ए, ऐ, ओ, औ) में सभी स्वर 'दीर्घ स्वर' के अंतर्गत आते हैं।

**2. (c)**
दिये गये वाक्य में अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा।

**शुद्ध वाक्य –** सुनील, जरा इधर आना

| चिह्न | | चिह्न के नाम |
|---|---|---|
| (!) | – | विस्मय विराम/आश्चर्य चिन्ह |
| (:) | – | अपूर्ण विराम/विवरण चिन्ह |
| (,) | – | अल्प विराम |
| (;) | – | अर्द्ध विराम |

**3. (d)**
उपर्युक्त विकल्पों में 'वामांगिनी' शुद्ध वर्तनी का शब्द है। यह स्त्री, पत्नी का पर्यायवाची शब्द है।

**4. (c)**
हिंदी में कुल 11 सर्वनाम हैं। सर्वनाम उन शब्दों को कहा जाता है, जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर करते हैं। इसके अंतर्गत मैं, तुम, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या शब्द आते हैं।

**5. (d)**
'वह बहुत धार्मिक व्यक्ति है' वाक्य में रेखांकित पद विशेषण है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता (आकार, अवस्था, रूप, गुण, स्वभाव, स्थिति आदि) का बोध हो, उसे विशेषण कहते हैं। उपरोक्त वाक्य में 'धार्मिक' शब्द व्यक्ति की विशेषता बता रहा है। अतः 'धार्मिक' शब्द विशेषण है।

**6. (c)**
जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे 'क्रिया' कहते हैं। क्रिया का मूल 'धातु' है। 'धातु' क्रियापद के उस अंश को कहते हैं, जो किसी क्रिया के प्रायः सभी रूपों में पाया जाता है। **जैसे**- चलना = चल + ना , देखना = देख + ना आदि।

**7. (a)**
ऐसे अविकारी शब्द जो हमें क्रिया के परिमाण या उसकी मात्रा या संख्या के बारे में बताते हैं, वे शब्द परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं। **जैसे**-'इस बार बारिश में बहुत ओले पड़े' वाक्य में 'बहुत' शब्द से बारिश होने की मात्रा के बारे में ज्ञात हो रहा है। अतः यह परिमाणवाचक विशेषण कहलाता है।

**8. (b)**
वाक्य 'यह काम उसने ही किया होगा' में 'ही' बलदायक या सीमाबोधक निपात है। किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसे निपात कहते हैं। **जैसे**- थी, तो, तक, केवल, ही, मात्र आदि।

**9. (c)**
'नदी' एकवचन शब्द है। सदा एकवचन में प्रयोग होने वाले शब्द– पीतल, सोना, जनता, घी, पेट्रोल, तेल, आकाश, वर्षा, सत्य, झूठ, मिथ्या, बालू, सौंदर्य, दल, झुण्ड, टोली आदि है।

**10. (d)**
'हेतुहेतुमद् वर्तमान' वर्तमान काल का भेद नहीं है। वर्तमान काल के कुल पाँच भेद होते हैं, जो इस प्रकार हैं-

1. सामान्य वर्तमान 2. तात्कालिक वर्तमान 3. पूर्ण वर्तमान
4. संदिग्ध वर्तमान 5. संभाव्य वर्तमान।

इसी प्रकार भूतकाल एवं भविष्यत् काल का विवरण है–

**भूतकाल**– (कुल छः भेद)

1. सामान्य भूत 2. आसन्न भूत 3. पूर्ण भूत
4. अपूर्ण भूत 5. संदिग्ध भूत 6. हेतुहेतुमद् भूत

**भविष्यत काल**– (कुल तीन भेद)

1. सामान्य भविष्य 2. संभाव्य भविष्य 3. हेतुहेतुमद् भविष्य।

**11. (d)**
किसी वाक्य, मुहावरा या वाक्यांश में संज्ञा या सर्वनाम का वाक्य के अन्य पदों (विशेषतः क्रिया) के साथ जो सम्बन्ध होता है, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में कारकों की संख्या आठ मानी गयी है– कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण तथा सम्बोधन।

**12. (a)**

| तत्सम | तद्भव |
|---|---|
| कर्तरी | कैंची |
| कृत्यगृह | कचहरी |
| कर्पूर | कपूर |
| कर्तव्य | करतब |
| कर्म | काम |

**13. (d)**
'बेसुरा' भी भरपूर अभ्यास से सुरीला गायक बन सकता है। वाक्य में **तीन उपसर्ग** तथा **तीन प्रत्यय** हैं।

| **उपसर्ग** | **मूल शब्द** | **शब्द** |
|---|---|---|
| बे | सुरा | बेसुरा |
| भर | पुर | भरपूर |
| अभि | आस | अभ्यास |
| **मूल शब्द** | **प्रत्यय** | **शब्द** |
| सुर | ईला | सुरीला |
| गै | अक | गायक |
| बे | सुर + आ(प्रत्यय) | बेसुरा |

**14. (b)**
सदाचार का विलोम शब्द 'कदाचार' होगा।
दिये गये विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं–

| **शब्द** | | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|
| आचार | - | अनाचार |
| अपराध | - | निरपराध |
| अन्याय | - | न्याय |

**15. (b)**
**हिरण्य के पर्यायवाची**– कंचन, सोना, सुवर्ण हैं।
**कुरंग के पर्याय**– मृग, हिरण, सारंग, हरित आदि।
**केशरी के पर्याय**– केहरी, शेर, केशी, पशुराज, शार्दूल आदि।

**16. (c)**
पर्यायवाची की दृष्टि से अशुद्ध युग्म **'पानी-पाणि'** है। इसका शुद्ध रूप इस प्रकार है-
**गंगा-** जाह्नवी, भागीरथी, विपथगा, विष्णुपदी आदि।
**घर-** सदन, गृह, निकेतन, धाम आदि।
**पानी-** जल, नीर, सलिल, अम्बु, पय आदि।
**पाणि-** हाथ, कर, हस्त आदि।
**यमुना-** जमुना, कालिन्दी, अर्कजा, रवितनया आदि।

**17. (d)**

| **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| जो भविष्य की बात सोचता हो | – | अग्रसोची |
| अत्यधिक बढ़ा-चढ़ा कर कही गई बात | – | अतिशयोक्ति |
| जो मापा न जा सके | – | अपरिमेय |
| जो पीने योग्य न हो | – | अपेय |
| जिस पर अभियोग लगाया गया हो | – | अभियुक्त |

**18. (b)**
'जगदीश' शब्द में व्यंजन संधि है। इसका संधि विच्छेद- जगत् + ईश है। यदि 'क्' 'च्', 'ट्', 'त्' 'प्' के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए या य्, र्, ल्, व् या कोई स्वर आए, तो 'क्' 'च्' 'ट्' 'त्' 'प्' के स्थान में अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है। जैसे- सत् + वाणी = सद्वाणी।

**19. (c)**
'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाये रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता। केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते हैं।

**20. (c)**
'आग लगाकर पानी को दौड़ना- कहावत का अर्थ **'पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना'** है। अन्य मुहावरे इस प्रकार हैं-

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| घड़ों पानी पड़ जाना | अत्यन्त लज्जित होना |
| गाड़ी के आगे काठ रखना | अड़चन डालना। |

**21. (c)**
जिस प्रकार कुत्ते के काटने से रेबीज होता है। उसी प्रकार मच्छर के काटने से मलेरिया हो जाता है।

**22.(d)**
दी गई संख्या श्रेणी इस प्रकार है–

$$512+\frac{512}{2}=768$$
$$768+\frac{768}{2}=1152$$
$$1152+\frac{1152}{2}=1728$$
$$1728+\frac{1728}{2}=\boxed{2592}$$

**23.** (d)
(a) 701 = 7 + 0 + 1 = 8 (सम)
(b) 101 = 1 + 0 + 1 = 2 (सम)
(c) 301 = 3 + 0 + 1 (सम)
(d) 401 = 4 + 0 + 1 = 5 (विषम)
अतः विकल्प (d) असंगत है।

**24. (c)**
जिस प्रकार-

| P | I | C | K | L | E | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | |
| 1+6 | 9 | 3 | 1+1 | 1+2 | 5 | → 793235 |

| F | O | R | T | U | N | E | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | |
| 6 | 1+5 | 1+8 | 2+0 | 2+1 | 1+4 | 5 | → 6692355 |

उसी प्रकार,

| P | E | R | F | U | M | E | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | |
| 1+6 | 5 | 1+8 | 6 | 2+1 | 1+3 | 5 | → 7596345 |

**25. (d)**
रक्त संबंध आरेख निम्नवत् है-




स्पष्ट है कि Y की माता का देवर/जेठ S हो सकता है।

**26. (b)**
दी गई वर्णमाला में




अतः मध्य का अक्षर L होगा।

**27. (b)**
कुल संख्या = 100,  M + B = 12




माना न तो मुम्बई न तो बेंगलुरू जाने वालों की संख्या = x
x = 100 – ( 19 + 14 + 12 )
x = 55

**28.** (b)
दिया है-
E → ×
F → ÷
G → +
H → -
तब, 8 G 36 F 6 H 6 E 3 = ?
8 +36 ÷ 6 - 6× 3
= 8 + 6 - 6 × 3
= 8 + 6 - 18
= 14 - 18
= -4

**29. (b)**
व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न है-




अतः N के दायीं ओर से पाँचवा L है।

**30.** (b)
जिस प्रकार
$(16 - 6)^2 + (5 - 2)^2 = 109$
और,
$(22 - 15)^2 + (21 - 19)^2 = 53$
उसी प्रकार,
$(17 - 13)^2 + (51 - 48) = 25$
अतः
$\boxed{? = 25}$

**31. (b)**
दी गई संख्या शृंखला निम्नवत् है–




अतः प्रश्नचिह्न के स्थान पर संख्या 212 होगी।

**32. (d)**
दिए गए कूट से–
corbl mlur → fan belt
tixn corbl → ceiling fan
erth tush → tile roof
अतः tixn erth → ceiling tile होगा।

**33. (b)**
'SUPERFLUOUS' के पहले, चौथे, सातवें और ग्यारहवें अक्षर क्रमशः S, E, L और S है।
S, E, L और S में सार्थक शब्द → LESS
अतः शब्द का पहला अक्षर L है।

**34.** (a)
दिये गये संयोजन का दर्पण प्रतिबिम्ब




अतः विकल्प (A) सही उत्तर है।

**35. (c)**
∵ जब किसी दो पासे में दो फलक समान हो तो तीसरा फलक एक दूसरे के विपरीत होता है।
पासा 1 और पासा 2 में दो फलक (फलक 5 और फलक 2) समान है।
6 के विपरीत 3

**36. (c)**
वेन आरेख बनाने पर,




निष्कर्ष :
(i) ×
(ii) ×
(iii) ✓
(iv) ×
अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष (III) सही है।

**37. (a)**
दोनों कथनों से स्पष्ट है कि कथन-I कारण है और कथन-II इसका प्रभाव है।

**38. (a)**
बैरो रोड के सभी फ्लैटों का बीमा 'प्रीमियम कवर' के साथ है।
श्रीमान तथा श्रीमती 'J' ने अपने फ्लैट का बीमा 'प्लेटिनम रिस्क' के साथ करवाया है।
उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है श्रीमान तथा श्रीमती 'J' बैरो रोड पर नहीं रहते हैं। अतः विकल्प 'a' सही है।

**39. (c)**
कथन में बीपीएल (निर्धनता स्तर के नीचे) परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने से देश X में रसोई गैस का सार्वभौमिक

कवरेज सुनिश्चित होगा, इसमें ये नहीं कहा गया है कि देश X में भोजन पकाने के पारंपरिक ईधनों उपयोग सामान्य बात है और न ही खाना पकाने का कोई भी अन्य तरीका, एलपीजी के उपयोग जितना प्रभावी नहीं है कथन में केवल एलपीजी का सार्वभौमिक कवरेज की बात कर रहा है न कि प्रभावी या प्रभावहीन की। अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

**40. (d)**

उत्तर दिशा में पंक्ति में बैठे हुये लोगों का क्रम .........




दी गयी पंक्ति में अनीता दाएं छोर पर है।

**41. (a)**

मोहनजोदड़ो एवं अन्य स्थलों पर पाए गए सूती वस्त्रों के रेशों से इस बात का पता चलता है कि कपास की खेती भी की जाती थी। इस सभ्यता के परिपक्वता के चरण से कम से कम दो हजार वर्ष पूर्व के मेहरगढ़ पुरास्थल पर कपास के अवशेष प्राप्त हुए। सर्वप्रथम यहीं के निवासियों ने कपास की खेती प्रारम्भ किया था। ऐतिहासिक काल में मेसोपोटामिया में कपास के लिए 'सिन्धु' शब्द का प्रयोग किया जाने लगा तथा यूनानियों ने इसे सिन्डन कहा जो सिन्धु का ही रूपान्तर है।

**42. (c)**

भारत में प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी मुहम्मद-बिन-कासिम था। 711 ई. में ओबैदुल्लाह और बुदैल के नेतृत्व में सिंध के क्षेत्र पर अरबों का पहला असफल आक्रमण हुआ, अरबों ने 712 ई. में 17 वर्षीय मुहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में दाहिर को परास्त कर सिंध पर विजय पायी। भारत पर अरब आक्रमण के साक्ष्य 'चचनामा' और मीर मुहम्मद मासूम की पुस्तक 'तारीखे सिन्ध या मासूमे सिंध' से प्राप्त होती है।

**43. (b)**

बक्सर का युद्ध 22 अक्टूबर, 1764 ई. को अंग्रेजों तथा बंगाल के नवाब मीर कासिम, अवध के नवाब शुजाउद्दौला एवं मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय की संयुक्त सेना के मध्य हुआ। इस युद्ध में सेनापति हेक्टर मुनरो के नेतृत्व में अंग्रेज विजयी हुए। 12 अगस्त 1765 को इलाहाबाद की प्रथम संधि के तहत अंग्रेज प्रतिवर्ष 26 लाख रूपये मुगल सम्राट को देने के लिए सहमत हुए।

**44. (c)**

सही सुमेलित है–

| **संस्था** | **संस्थापक** | **वर्ष** |
|---|---|---|
| ब्रह्म समाज | राजा राममोहन राय | 1828 |
| रामकृष्ण मिशन | स्वामी विवेकानन्द | 1897 |
| आर्यसमाज | दयानन्द सरस्वती | 1875 |
| सत्यशोधक समाज | ज्योतिबा राव फूले | 1873 |

**45. (d)**

प्रथम गोलमेज सम्मेलन 12 नवम्बर, 1930 द्वितीय गोलमेज सम्मेलन 7 सितम्बर, 1931 तथा तृतीय गोलमेज सम्मेलन 17 नवम्बर, 1932 में हुआ। तीनों गोलमेज सम्मेलन में दलितों की ओर से बी. आर. अम्बेडकर ने भाग लिया था। महात्मा गाँधी ने कांग्रेस के प्रतिनिध के रूप में केवल दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया था।

**46. (a)**

भारत जैसे देश के लिए उपयुक्त संघवाद का श्रेष्ठ स्वरूप सहकारी संघवाद है। जी ऑस्टिन के अनुसार 'भारत का संविधान सहकारी परिसंघीय संविधान है', जबकि के.सी. व्हीयर के अनुसार भारत का संविधान 'अर्द्ध-संघीय' है।

**47. (d)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना और गठन के बारे में वर्णन है। भारत के मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की कुल संख्या मुख्य न्यायाधीश सहित 34 है।

**48. (b)**

पृथ्वी के अक्षीय झुकाव तथा परिक्रमण गति के कारण पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में $23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश पर स्थित कर्क रेखा पर 21 मार्च से सूर्य की ओर उन्मुख होना प्रारम्भ करती है। 3 माह पश्चात् 21 जून को कर्क रेखा सूर्य के ठीक सामने होती है अर्थात् इस तिथि को सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत् चमकेगा।

**49. (b)**

भारत का सबसे उत्तरी अक्षांश $37^0$ 6' N है। भारत की भौगोलिक स्थित उत्तरी गोलार्द्ध में $8^0$ 4' -$37^0$ 6' उत्तरी अक्षांश और $68^0$ 7'-$97^0$ 25' पूर्वी देशान्तर के मध्य है। सम्पूर्ण भारत का अक्षांशीय विस्तार $6^0$ 4'-$37^0$ 6' उत्तरी अंक्षाश के मध्य है।

**50. (b)**

'आवश्यकता-विहीनता का सिद्धान्त' प्रो. जे. के. मेहता ने प्रतिपादित किया है। इनके आवश्यकता-विहीनता सिद्धांत के अनुसार- ''अर्थशास्त्र वह विज्ञान है, जो कि आवश्यकता विहीन अवस्था प्राप्त करने में मानव व्यवहार का एक साधन के रूप में अध्ययन करता है।

**51. (b)**

| **राशि** | **मात्रक** |
|---|---|
| विद्युत धारिता | फैराडे |
| प्रतिरोध | ओह्म |
| विद्युत विभव | वोल्ट |
| विद्युत धारा | एम्पियर |

**52. (a)**

पदार्थों में होने वाले ऐसे परिवर्तन जिनमें पदार्थ के अणुओं का रासायनिक संघटन अथवा अणुओं की आंतरिक संरचना में परिवर्तन होता है, रासायनिक परिवर्तन कहलाते हैं। ये परिवर्तन स्थायी होते हैं। इसके उदाहरण हैं- पौधों में प्रकाश संश्लेषण, पदार्थों का दहन, जंग लगना, दूध का खट्टा होना (किण्वन) आदि।

**53. (b)**

**आर्निथोलॉजी** - जीव विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत पक्षियों का अध्ययन किया जाता है।

**सिस्मोलॉजी** - इसके अन्तर्गत भूकम्पों का अध्ययन किया जाता है।

**फाइकोलॉजी**- इसके अन्तर्गत शैवालों का अध्ययन किया जाता है।

**ऑस्टियोलॉजी-** हड्डियों के अध्ययन से सम्बन्धित है।

**54. (a)**
कम्प्यूटर के माउस का आविष्कार डगलस सी. एंगेलबर्ट ने सन् 1960 ई. में किया था। परन्तु इसका पेटेंट इनके द्वारा 17 नवम्बर 1970 को करवाया गया। माउस का पहली बार प्रयोग सन् 1973 ई. में जेरोक्स अल्टो कम्प्यूटर सिस्टम के साथ में किया गया था।

**55.(b)**
वायुमण्डल में विद्यमान ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को रोकने का कार्य करती है। इससे पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा होती है। ओजोन परत में छेद बनाने के लिए जिम्मेदार गैसें हैं– CFC, हैलोजन्स, नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) ट्राइक्लोरोएथिलीन, हैलोन-1211, 1301 इत्यादि। ओजोन परत मुख्य रूप से समतापमण्डल (Stratosphere) में पायी जाती है।

**56. (d)**
बेंगलुरु को भारत के उद्यान शहर के रूप में जाना जाता है। बेंगलुरु भारत में कर्नाटक राज्य की राजधानी है। देश की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी निर्यातक के रूप में अपनी भूमिका के कारण बेंगलुरु को 'भारत की सिलिकॉन वैली' के रूप में जाना जाता है।

**57. (c)**
उत्तर प्रदेश राज्य का सीतापुर जिला नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है। नेपाल, भारत का पड़ोसी देश है, जो 560 किमी उत्तर प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
उत्तर प्रदेश राज्य के 7 जिलों की सीमा नेपाल के साथ लगती है। जो निम्नलिखित हैं-
सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, बहराइच, लखीमपुर, पीलीभीत

**58. (c)**
यमुना एक्सप्रेस-वे ग्रेटर नोएडा से आगरा (165.53 km) तक 6 लेन की सड़क का निर्माण अप्रैल 2001 में गठित यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 'बिल्ड, आपरेट एण्ड ट्रांसफर' (BOT मॉडल) परियोजना के अन्तर्गत जे.पी. इन्फ्राटेक लि. द्वारा कराया गया है।

**59.** (a)
26 जून, 2024 को लगातार दूसरी बार, राजस्थान के कोटा से लोकसभा सदस्य 'ओम बिरला' को लोकसभा अध्यक्ष के रूप में चुना गया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करती है। 18वीं लोकसभा में राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के रूप में चुना गया।

**60.** (a)
जून, 2024 में भारतीय लोक एवं जनजातीय कला प्रदर्शनी 'हुनर' 2024 का आयोजन दुबई और सेंटर यूएई में किया गया। इस प्रदर्शनी में भारत की विभिन्न लोक कलाओं और जनजातीय कला विधाओं की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया।

**61. (c)**
कंप्यूटर में सबसे छोटी और सबसे तेज मेमोरी जो मेन मेमोरी का भाग नहीं होती है, रजिस्टर मेमोरी कहलाती है। एक्युमुलेटर रजिस्टर का उपयोग, डेटा और ALU द्वारा उत्पन्न किए गए मध्यवर्ती परिणामों (Intermediate results) को स्टोर करने के लिए किया जाता है।
**सी.पी.यू. में उपयोग होने वाले रजिस्टर–** एक्युमुलेटर, डाटा रजिस्टर, एड्रेस रजिस्टर, प्रोग्राम काउंटर, मेमोरी डाटा रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर, मेमोरी बफर रजिस्टर, इंस्ट्रक्शन रजिस्टर।

**62. (c)**
कम्प्यूटर को दिये गये आदेश या command के क्रियान्वयन की क्षमता अंकगणितीय तर्क इकाई में होती है। यहाँ सभी प्रकार की गणना की जाती है। CPU के मुख्य भाग, ALU के अन्तर्गत Control Unit और मेमोरी होते हैं। यह कंप्यूटर द्वारा हो रहे सारे कार्यों को निरूपित करता है।

**63. (a)**
कम्प्यूटर को निर्देश इनपुट डिवाइस द्वारा दिये जाते है। इनसे निर्देश लेकर कम्प्यूटर उन पर प्रोग्रॉम के अनुरूप कार्य करता है। इनपुट डिवाइस के उदाहरण है- की बोर्ड, माउस, जॉयस्टिक, ट्रैकबाल, लाइट पेन, बार-कोड रीडर, स्कैनर आदि।

**64. (d)**
प्लॉटर का प्रयोग किसी पेन या अन्य उपकरण से एक कागज़ के टुकड़े के सतह पर यांत्रिक गति द्वारा अत्यन्त बड़े आरेखों या जटिल लाइन आर्ट को प्रिंट करने में किया जाता है।

**65. (c)**
प्रिंटर एक आउटपुट डिवाइस है, जो कंप्यूटर से जानकारी प्राप्त कर कागज पर छापता है। कागज पर आउटपुट की यह प्रतिलिपि हार्ड कॉपी कहलाती है। डॉट मैट्रिक्स, प्रिंटर का एक प्रकार है, यह एक इम्पैक्ट प्रिंटर है, अतः यह प्रिंटिंग करते समय बहुत शोर करता है। इस प्रिंटर के प्रिंट हैड में अनेक पिनों का एक मैट्रिक्स होता है और प्रत्येक पिन रिबन और कागज पर स्पर्श करके एक डॉट छापता है, अनेक डॉट मिलकर एक कैरेक्टर बनाते हैं।

**66. (b)**
नेटवर्क स्विच एक कम्प्यूटर नेटवर्किंग डिवाइस है, जो गंतव्य डिवाइस पर डेटा प्राप्त करने, प्रक्रिया करने और अग्रेषित करने के लिए उपयोग की जाती है। सर्किट स्विचिंग, पैकेट स्विचिंग, मेसेज स्विचिंग एक स्विचिंग तकनीक है, जबकि डाटा स्विचिंग नही।

**67. (b)**
वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क पब्लिक नेटवर्क पर प्राइवेट नेटवर्क का विस्तार करता है, यूजर्स को शेयर्ड या पब्लिक नेटवर्क पर डेटा भेजने और प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

**68. (c)**
माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में इफेक्ट, अंडरलाइन, फॉन्ट स्टाइल कैरेक्टर फॉर्मेटिंग के विकल्प है, जबकि इंडेंटेशन एक पैराग्राफ फॉर्मेटिंग का विकल्प है।

**69. (d)**
वर्कशीट के कलेक्शन को वर्कबुक कहा जाता है। यह डेटा को आर्गेनाइज करने में मदद करता है। एम.एस. एक्सेल फाइल को वर्कबुक नाम से भी जाना जाता है। एम एस ऑफिस 2007 में वर्कशीट की संख्या 255 है।

**70. (c)**
डेडलॉक एक ऐसी स्थिति है, जिसमें मल्टी प्रोग्रामिंग वातावरण में कई प्रक्रियाएँ सीमित संख्या में संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकती है। यदि कोई प्रक्रिया संसाधनों के लिए अनुरोध करती है और उस समय संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रक्रिया प्रतीक्षा की स्थिति में प्रवेश करती है। कभी-कभी यह प्रतीक्षा प्रक्रिया कभी भी अवस्था को बदलने में सक्षम नहीं होती है।

**71. (d)**
ई-मेल हस्ताक्षर एक ई-मेल संदेश के अंत में संलग्न पाठ का एक खण्ड है, जिसमें एक्सेल प्रेषक का नाम और सम्पर्क जानकारी होती है। एक ई-मेल हस्ताक्षर में अक्सर एक नाम व्यावसायिक सम्पर्क जानकारी, एक बेबसाइट URL आदि होते है।

**72. (d)**
बैंकिंग शब्दावली में ''पिन'' (पीआईएन) - पर्सनल आइडेंटिफिकेशन नंबर (Personal Identification Number) का संक्षिप्त रूप है। कुछ अन्य बैंकिंग शब्दावलियां निम्नलिखित हैं-

IFSC – इंडियन फाइनेंसियल सिस्टम कोड (Indian Financial System Code)
RTGS – रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (Real Time Gross Settlement)
NEFT – राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण (National Electronics Fund Transfer)

**73. (a)**
चार्ल्स बैबेज को उनके आविष्कार और 1837 में (Analytical Engine) विश्लेषणात्मक इंजन की अवधारणा के बाद कम्प्यूटिंग का पिता माना जाता है। विश्लेषणात्मक इंजन में एक अंकगणितीय तर्क इकाई (ALU) मूल प्रवाह नियंत्रण और एकीकृत विश्लेषणात्मक इंजन का विश्व के पहले सामान्य प्रयोजन कम्प्यूटर अवधारणा के रूप में स्वागत किया गया।

**74. (a)**
ASCII का पूर्ण रूप 'अमेरिकन स्टैण्डर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इण्टरचेंज' (American Standard Code for Information Interchange) है। यह कम्प्यूटर में उपयोग करने के लिये वर्ण-इन्कोड करने का एक मानक है। यह अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के अनुसार (character incoding) व्यवस्थित है। मानक ASCII (आस्की) कोड का मान 0 से 127 होता है, जबकि 128 से 256 तक कैरेक्टर परिवर्धित आस्की कैरेक्टर सेट होता है।

**75. (c)**
Post Office Protocol (POP) एक क्लाइंट/सर्वर प्रोटोकॉल है जिसका कार्य इंटरनेट पर उपलब्ध मेल सर्वर में से मेल को डाउनलोड कर क्लाइंट के मेल सॉफ्टवेयर तक पहुँचाना होता है।

**76. (d)**
अंकगणितीय ऑपरेशन, तार्किक ऑपरेशन तथा संचय और पुर्नप्राप्ति सभी मूल ऑपरेशन कम्प्यूटर द्वारा किए जाते है।

**77. (a)**
कम्प्यूटर में कई प्रकार की मेमोरी होती है, जिसमें प्रोग्राम इन्सट्रक्शन बाइनरी के रूप में संचित होता है और यही CPU के द्वारा डीकोड और फेच होता है।

**78. (b)**
पहला माइक्रोप्रोसेसर 4004 इंटेल कंपनी द्वारा बनाया गया था। इस प्रोसेसर का आविष्कार 1969 में हुआ था, जो एक 4 बिट प्रोसेसर और 2300 ट्रांजिस्टरों से मिलकर बना है।

**79. (a)**
ओमेगा ऑटोमेशन संभाव्य स्वीकृत नहीं है। ओमेगा ऑटोमेशन परिमित आटोमेटा का एक रूपांतर है, जो इनपुट के रूप में परिमित के बजाय अनंत पर चलता है। चूँकि ऑटोमेटा बंद नहीं होता है, इसीलिए उनके पास स्वीकार करने वाले स्टेट के एक सेट के बजाय कई तरह की स्वीकृति शर्तें होती है।

**80. (d)**
प्रोलॉग एक तार्किक प्रोग्रामिंग भाषा है जिसका उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल भाषा विज्ञान के लिए किया जाता है। इसके अनुप्रयोगों में प्राकृतिक भाषा की समझ और विशेषज्ञ प्रणाली जैसे MYCIN शामिल है।

**81. (c)**
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाता है। 24 जनवरी को इसलिए चुना गया क्योंकि वर्ष 1950 में इसी दिन तत्कालीन संयुक्त प्रांत (United Province) का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था। वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रथम बार 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में मनाया।

**82. (d)**
सुरहाताल पक्षी विहार, उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित है। सुरहाताल या सुरहा गंगा और सरयू नदियों के दोआब में स्थित एक गोखुर झील है, जो गंगा नदी द्वारा निर्मित है। यह ताल प्रवासी पक्षियों के लिये प्रसिद्ध है। सुरहाताल पक्षी विहार की स्थापना वर्ष 1991 में हुई यह 34.13 वर्ग किमी के क्षेत्रफल में फैला हुआ है।

**83. (a)**
पहला केंचुआ बीज बैंक इज्जतनगर (बरेली) में स्थापित किया गया है।

**84. (a)**
उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में रूई (कपास) की स्वदेशी किस्म की बुवाई के लिए उपयुक्त समय अप्रैल का पहला पखवाड़ा होता है। कपास की खेती प्रदेश के गंगा-यमुना दोआब, बुन्देलखण्ड, रूहेलखण्ड के क्षेत्रों में की जाती है। प्रमुख रूप से आगरा, मथुरा, अलीगढ़ व हाथरस में कपास की खेती की जाती है।

**85. (c)**
उत्तर प्रदेश राज्य में परीछा बाँध, बेतवा नदी पर बना है। इसके जलाशय का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए परीछा थर्मल पॉवर प्लांट द्वारा किया जाता है। बेतवा नदी मध्यप्रदेश में रायसेन जिले में विस्तृत विन्ध्य पहाड़ियों से निकलती है तथा हमीरपुर के निकट यमुना नदी में मिल जाती है।

**86. (c)**
सही सुमेल इस प्रकार है–

| **(शहर)** | **(विशेषता)** |
|---|---|
| वाराणसी | संस्कृति एवं धर्म |
| लखनऊ | प्रदेश की राजधानी |
| झाँसी | ऐतिहासिक पर्यटन स्थल |
| मुरादाबाद | पीतल उद्योग |

**87. (b)**
सही सुमेल निम्नलिखित है–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| काले मिट्टी के बर्तन | निजामाबाद |
| चीनी मिट्टी के बर्तन | खुर्जा |
| पीतल शिल्पकृति | मुरादाबाद |
| शीशा शिल्पकृति | फिरोजाबाद |

**88. (d)**
ASSOCHAMUP एक राज्यस्तरीय वाणिज्य और उद्योग का प्रमुख चैंबर ऑफ ट्रेड है, जो निजी सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्रों में बड़ी, मध्यम एवं छोटी इकाइयों का प्रतिनिधित्व करता है।
ASSOCHAMUP का पूर्ण एवं विस्तृत रूप 'द एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश (The Associated Chambers of Commerce and Industry of Uttar Pradesh) है।
**89.** (d)
**खुर्जा**— उत्तर प्रदेश राज्य के बुलंदशहर जिले में स्थित है। खुर्जा को सिरैमिक सिटी के नाम से भी जाना जाता है।
**प्रयागराज (इलाहाबाद)**—यह प्राचीन नगर गंगा और यमुना के संगम के लिए प्रसिद्ध है।
**लखनऊ**—इसे 'नवाबों का शहर' कहा जाता है।
**मुंबई**—इसे 'सपनों का शहर' के नाम से जाना जाता है।
**आगरा**—यमुना नदी के तट पर स्थित आगरा शहर ऐतिहासिक स्मारकों के लिए प्रसिद्ध है, जिसे 'सिटी ऑफ ताज' के नाम से जाना जाता है।
**90.** (d)
उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का सर्वप्रथम अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित हुआ था। यह कांग्रेस का चौथा अधिवेशन था, जो वर्ष 1888 में सम्पन्न हुआ। इसके अध्यक्ष जार्ज यूले थे। वर्ष 1892 तथा 1910 में भी कांग्रेस का अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित हुआ था। उल्लेखनीय है कि बनारस में 1905 तथा लखनऊ में 1899, 1916 तथा 1936 में तथा कानपुर में 1925 में अधिवेशन आयोजित हुआ।
**91. (c)**
उत्तर प्रदेश में आयोजित 'भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस' के अधिवेशनों का सही सुमेलित इस प्रकार है-

| (अधिवेशन स्थान) | | (वर्ष) | (अध्यक्ष) |
|---|---|---|---|
| मेरठ (55वाँ) | – | 1946 | जे.बी कृपलानी |
| कानपुर (41वाँ) | – | 1925 | सरोजिनी नायडू |
| लखनऊ (32वाँ) | – | 1916 | अंबिका चरण मजूमदार |
| बनारस (21वाँ) | – | 1905 | गोपाल कृष्ण गोखले |

**92. (b)**
काल्पी, उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में यमुना नदी के किनारे स्थित है। यह नदी (यमुना) वृहद चाप के आकार में प्रदेश के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, इटावा, जालौन, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर और प्रयागराज आदि 19 जिलों में बहती हुई प्रयाग में गंगा से मिल जाती है।
**93. (b)**
सारनाथ में अशोक ने जो स्तंभ बनवाया था उसके शीर्ष भाग को सिंह चतुर्मुख कहते हैं। इस मूर्ति में चार भारतीय सिंह पीठ से पीठ सटाए हुए खड़े हैं। सारनाथ स्तंभ का यह शीर्ष भाग वर्तमान समय में सारनाथ के संग्रहालय में रखा हुआ है। यह सिंह चतुर्मुख शीर्ष स्तंभ ही भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया है।
**94.** (a)
लखनऊ (अवध) में 1857 विद्रोह का प्रारम्भ 4 जून 1857 को हुआ था, उस समय अवध की रियासत की प्रसिद्ध योद्धा बेगम हजरत महल थीं। उन्होंने अपने अल्पवयस्क बेटे बिरजिस कादिर को नवाब घोषित कर प्रशासन को खुद संभाल लिया और समानान्तर सरकार की स्थापना की। अन्त में सितम्बर 1858 को कैम्पवेल ने गोरखा रेजीमेन्ट की सहायता से लखनऊ पर पुनः अधिकार कर लिया।
**95.(d)**
देवगढ़ का दशावतार मंदिर उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में बेतवा (वेत्रवती) नदी के तट पर स्थित है। जबकि नचना कुठार का मंदिर, तिगवा का विष्णु मंदिर और भूमरा का शिव मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित है।
**96.(b)**
विख्यात भारतमाता मंदिर वाराणसी में स्थित है। जबकि प्रयागराज में अकबर का किला यमुना नदी के किनारे स्थित है व मेरठ में प्रसिद्ध नौचंदी धाम है और लखनऊ में प्रसिद्ध इमामबाड़ा है।
**97. (c)**
कथक नृत्य उत्तर प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य शैली है और यह भारत के प्राचीन शास्त्रीय नृत्यों के आठ रूपों में से एक है। कथक शब्द का उद्भव कथा शब्द से हुआ है जिसका शाब्दिक अर्थ है, **'कथा कहना'**। पंद्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के प्रसार के साथ कथक नृत्य एक विशिष्ट विधा के रूप में निकर्षित हुआ। इस नृत्य के उन्नायक ठाकुर प्रसाद थे।
**98. (b)**
उत्तर-प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् (UP Council of Agriculture Research-UPCAR) लखनऊ में स्थित है। उत्तर-प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् की स्थापना जुलाई 1989 में राज्य में कृषि विश्वविद्यालय तथा कृषि विभाग एवं कृषि से संबंधित अन्य विभागों के कृषि संबंधित शोध एवं शिक्षण में समन्वय स्थापित करने, उसकी उपलब्धियों के क्षेत्रीय असंतुलन की समाप्ति हेतु रणनीति बनाने के उद्देश्य की प्रतिपूर्ति के लिए की गई है।
**99. (b)**
उत्तर प्रदेश वित्त निगम की स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 नवंबर, 1954 ई. को राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 की धारा 3(1) के अंतर्गत की गई थी। इसका मुख्यालय कानपुर में है तथा आगरा, प्रयागराज, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ, नोएडा, बरेली, कानपुर तथा वाराणसी में इसके क्षेत्रीय कार्यालय है।
**100. (d)**
जनगणना 2011 के अनुसार भारत के शीर्ष पाँच जनसंख्या वाले राज्य हैं-
1- उत्तर प्रदेश,
2- महाराष्ट्र,
3-बिहार,
4- पश्चिम बंगाल,
5- आन्ध्र प्रदेश
उत्तर प्रदेश की जनसंख्या भारत की कुल जनसंख्या का 16.50 प्रतिशत है।

# PRACTICE SET - 2

**1. इनमें से संवृत स्वर कौन-सा है?**
(a) ओ (b) ई
(c) औ (d) अ

**2. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**सवेरा हुआ चिड़िया चहचहाने लगी।**
(a) :- (b) :
(c) ; (d) ,

**3. दिये गये शब्दों के आधार पर उचित विकल्प का चयन करें।**
(i) श्रृंगार, श्रृंखला।
(ii) अनुकृति, अनुक्रिति।
(a) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी शुद्ध हैं।
(b) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है।
(c) केवल (ii) की वर्तनी अशुद्ध है।
(d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है।

**4. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अन्य पुरुष का उदाहरण है?**
(a) उसने (b) तुमने
(c) हम (d) मैंने

**5. निम्नलिखित में गुणवाचक विशेषण हैं :**
(A) लंबा आदमी इस घर का मालिक है।
(B) तुमने मेरी नीली क़मीज देखी है।
(C) वह अच्छा लड़का है।
(D) इस साल कम उपज हुई है।
(E) यह मकान बड़ा है।
नीचे दिए गए विकल्पों में सही उत्तर चुनिए :
(a) (A), (B) और (D) (b) (B), (C) और (D)
(c) (C), (D) और (E) (d) (A), (B) और (C)

**6. निम्नलिखित में सकर्मक क्रिया वाला वाक्य नहीं है:**
(a) डाकिया पत्र लाया
(b) सीमा ने गाना गाया।
(c) सिपाही ने चोर को पकड़ा
(d) लड़का सोता है।

**7. 'मैं आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ।'-इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?**
(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) स्थानवाचक (d) परिमाणवाचक

**8. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?**
(a) संचार, पालन, ग्रीवा
(b) मनुष्यत्व, बनावट, रौनक
(c) पतलून, झल्लाहट, अक्षुण्णता
(d) प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह

**9. प्रयुक्त शब्दों में से कौन-सा शब्द एकवचन नहीं है?**
(a) सत्य (b) दर्शन
(c) व्यथा (d) वर्षा

**10. 'आप गाएँ तो मैं नाचूँ ।' – इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?**
(a) हेतु-हेतुमद् भविष्यत् (b) हेतु-हेतुमद्भूत
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य वर्तमान

**11. कारक चिह्नों की पहचान की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत वाक्य है :**
(a) माणिक को पत्र लिखा – कर्त्ता कारक
(b) माँ के लिए दवा ले आओ – सम्प्रदान कारक
(c) रमेश कमरे में बैठा है – अधिकरण कारक
(d) मैंने उसे तार द्वारा सूचित किया – करण कारक

**12. 'किवाड़' शब्द इनमें से क्या है?**
(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) इनमें से कोई नहीं

**13. 'उस लाचार विधवा की दुर्दशा देखकर सरदार को हमदर्दी हुई'- वाक्य में है**
(a) दो उपसर्ग (b) तीन उपसर्ग
(c) चार उपसर्ग (d) पाँच उपसर्ग

**14. विपरीतार्थक शब्दों की दृष्टि से एक युग्म सही नहीं है-**
(a) मुख्य - गौण (b) विवाद - निर्विवाद
(c) जय - पराजय (d) व्यस्त – निरस्त

**15. इनमें से कौन-सा शब्द 'कौशल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**
(a) योग्यता (b) कला
(c) हुनर (d) कपाल

**16. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्द का दूसरा अर्थ बताइए।**
**'अज-अजन्मा'**
(a) आजन्म (b) निर्भीक
(c) आजीवन (d) ईश्वर

**17. 'जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके'–**
(a) अच्युत (b) अटूट
(c) अटल (d) अदेय

**18. इनमें से 'विसर्ग संधि' का उदाहरण कौन-सा है?**
(a) निरंतर (b) दिग्गज
(c) महीश (d) जगदीश

**19. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।**
(a) यदि विजय दौड़ में भाग लेता तो वह प्रथम स्थान प्राप्त करता।
(b) विजय ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
(c) जब विजय ने दौड़ में भाग लिया तो उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
(d) विजय ने दौड़ में भाग लिया और उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

20. 'कच्ची गोलियाँ खेलना' मुहावरे का सही अर्थ है
(a) कंचे खेलना (b) गोली खाना
(c) अनुभव होना (d) अनुभव की कमी होना

21. वह विकल्प चुनें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार आपस में संबंधित हैं जैसे दिये गए युग्म में संख्याएँ संबंधित हैं।
**(7, 343)**
(a) (5, 125) (b) (4, 16)
(c) (3, 81) (d) (25, 125)

22. उस विकल्प का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में रिक्त स्थान पर व्यवस्थित किया जाय तो वह इस शृंखला को पूर्ण कर दें।
**C - 3, E - 5, G - 7, I - 9, ____, ____**
(a) K - 11, M - 13
(b) O - 15, X - 24
(c) M - 18, K - 14
(d) X - 24, M - 21

23. नीचे पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी ना किसी प्रकार से एक समान हैं और एक इनमें भिन्न है। भिन्न का चयन करें–
**उपग्रह, तारा, सूर्य, पृथ्वी, ब्रह्माण्ड**
(a) ब्रह्माण्ड
(b) पृथ्वी
(c) उपग्रह
(d) तारा

24. एक निश्चित कोड भाषा में, यदि गुलाबी को सफेद कहा जाता है, सफेद को पीला कहा जाता है, पीले को लाल कहा जाता है, लाल को हरा कहा जाता है, हरे को काला कहा जाता है, काले को बैंगनी कहा जाता है और बैंगनी को नारंगी कहा जाता है, तो मानव रक्त किस रंग का होगा?
(a) लाल
(b) हरा
(c) पीला
(d) नारंगी

25. परिवार मे छह सदस्य हैं X, Y, Z, P, Q और R, जिसमें एक विवाहित जोड़ा है। X, P का भाई है। P, Y की पुत्री है, Z, Q की ननद है। R, Z का भाई है। Y, Z की बहन है। R का P से क्या सम्बन्ध है?
(a) भाई (b) मामा
(c) मामी (d) पुत्र

26. निम्नलिखित में से किस अक्षर शृंखला को शृंखला (IGHT), (AME), (EW) और (AT) में पहले लगाने पर सामान्य शब्द बनेंगे, जो किसी अंग्रेजी शब्दकोश में पाए जा सकते है?
(a) (BR)
(b) (SH)
(c) (PL)
(d) (FL)

27. निम्नलिखित आरेख एक कम्पनी के किसी विशेष विभाग में कर्मचारियों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं की संख्या के लिए किए गए सर्वेक्षण का परिणाम है। आरेख का अध्ययन करें और उस विकल्प का पहचान करें जो गलत है।




(a) सर्वेक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 54 हैं।
(b) 30 कर्मचारी हिंदी बोल सकते हैं।
(c) 30 कर्मचारी मराठी नहीं बोल सकते हैं।
(d) 23 कर्मचारी केवल दो भाषाएँ बोल सकते हैं।

28. दो व्यक्तियों की आयु में 16 वर्ष का अंतर है। 6 साल पहले, बड़े वाले की उम्र छोटे वाले की उम्र से 3 गुना थी। बड़े व्यक्ति की वर्तमान आयु क्या है?
(a) 30 (b) 25
(c) 20 (d) 15

29. पलक, क्विंसी, रमेश, श्याम, तिमिर, उमंग, वंदन और विला एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। पलक, विला के दायें से तीसरे और क्विंसी के बायें से तीसरे स्थान, पर बैठी है। श्याम, तिमिर के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। वंदन, रमेश के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। तिमिर, क्विंसी का पड़ोसी नहीं है, जबकि उमंग न तो तिमिर का और न ही विला का पड़ोसी है। क्विंसी के तुरन्त दायें कौन बैठा है?
(a) वंदन
(b) उमंग
(c) विला
(d) इनमें से कोई नहीं

30. निम्नलिखित अनुक्रम में कौन सा शब्द अगला होगा?
**B2, F8, J32, N128, ............**
(a) R256 (b) R512
(c) R1024 (d) R1204

31. यदि 246 = 8 624 = 0 और 327 = 6 तो 423 =?
(a) 9 (b) 8
(c) 1 (d) 10

32. दिए गए आंकड़े (x) में कुछ विशिष्ट प्रतीक हैं। वह विकल्प चुनें जिसमें एक ही प्रकार के प्रतीक पाए जाते हैं।


(X)

(a)    (b) 

(c)    (d) 

**33. नीचे दिए गए प्रत्येक अक्षर को एक अद्वितीय संख्या आवंटित की गई है। संख्याओं के संयोजन का चयन इस प्रकार से करें कि जब अनुरूप वर्ण व्यवस्थित किए जाएं तो एक अर्थपूर्ण शब्द बन जाए।**

**RUSGA**

**1 3 5 7 9**

(a) 7, 9, 5, 3, 1   (b) 5, 3, 7, 9, 1
(c) 9, 5, 7, 1, 3   (d) 1, 9, 7, 3, 5

**34. वह विकल्प चुनें, जो दिए गए संयोजन की पानी की छवि के समान है।**

GR98AP76ES



**35. एक पासे की दो स्थितियाँ नीचे दिखाई गई हैं। कौन सी संख्या 5 के विपरीत दिशा में दिखाई देगी?**




(a) 2   (b) 3
(c) 6   (d) 4

**36. निम्नलिखित प्रश्न में कथन दिए गए हैं और इन कथनों के बाद निष्कर्ष निकाले गए हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की परवाह किए बिना दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है ?**

**कथन :** सभी किताबें पेपर हैं। कुछ पेपर जर्नल हैं। कुछ जर्नल कैलेंडर हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ जर्नल किताबें हैं।
II. कुछ कैलेंडर पेपर हैं।
III. कुछ किताबें जर्नल हैं।
IV. कुछ किताबें कैलेंडर हैं।

(a) केवल II
(b) केवल I
(c) केवल III
(d) इनमें से कोई नहीं

**37. दिए गए कथन और दो तर्क को ध्यान से पढ़ें। उस तर्क का चयन करें जो मजबूत हैं–**

**कथन :**

**क्या शहरी क्षेत्रों के सभी विद्यालयों में शारीरिक प्रशिक्षण विषय और कक्षाएँ समाप्त कर दी जानी चाहिए?**

**तर्क :**

(I) हाँ, इसके विद्यार्थी अपने मोबाइल और टैबलेट पर गेम खेलते हैं और इससे जो समय बचेगा उसका उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर तरीके से किया जा सकता है।
(II) नहीं, यह विद्यार्थियों की शारीरिक गतिविधियों को उनके निर्माणात्मक वर्षों में कम करेगा, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, वे महत्वपूर्ण जीवन कौशल के विकास से भी चूक जाएंगे।

(a) केवल तर्क I मजबूत है।
(b) केवल तर्क II मजबूत हैं।
(c) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत हैं।

**38. नीचे दी गई तथ्य सूची को पढ़ें और सही निष्कर्ष का चयन करें:**

**तथ्य:**

**सभी क्लेम हैंडलर्स ग्राहकों से बात करते हैं।**

**'J' ग्राहकों से बात नहीं करता है।**

**केवल एडमिनिस्ट्रेटर ग्राहकों से बात नहीं करते हैं।**

**सभी एडमिनिस्ट्रेटर्स कंपनी के साथ कम से कम 1 वर्ष से जुड़े हैं।**

**निष्कर्ष:**

**'J' एक क्लेम्स हैंडलर है।**

(a) सही   (b) गलत
(c) नहीं कह सकते।   (d) विसंगत

**39. निम्नांकित सूचना पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें: दिल्ली में नौसेना मुख्यालय में मुख्य सुरक्षा अधिकारी (पुरुष) का पद रिक्त है। चयन के लिए आवेदकों को निम्नांकित शर्तों को पूरा करना होगा:**

**(i) आवेदक 1 नवम्बर 2003 को 35-40 वर्ष के आयु समूह में आना चाहिए। आवेदक यदि SC/ST वर्ग से आता है तो ऊपरी आयु सीमा में छूट देकर इसे 44 वर्ष तक माना जाएगा।**

**(ii) आवेदक स्नातक होना चाहिए और एक सेवारत कर्मचारी होना चाहिए।**

**(iii) दोनों शर्तों (i) तथा (ii) को पूरे करने वाले आवेदक लिखित जांच में बैठेंगे और उसे उत्तीर्ण करना होगा।**

**(iv) जो आवेदक लिखित जांच उत्तीर्ण करेगा, उसे एक शारीरिक जांच तथा मेडिकल चेक-अप में भाग लेना होगा।**

**(v) जो आवेदक मेडिकल रूप से फिट पाया जाएगा वह अंतिम साक्षात्कार के लिए जाएगा और अंतिम चयन के लिए उस साक्षात्कार को उत्तीर्ण करना होगा।**

**(vi) एक आवेदक जिसने पहले किसी सुरक्षा अधिकारी के रूप में काम किया हो उसे अंतिम साक्षात्कार के लिए सीधा चयन बोर्ड के पास भेज दिया जाएगा।**

**(vii) जो आवेदक उपरोक्त शर्तों को पूरा न करते हों उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**

**1st नवम्बर 2003 को श्री J की आयु 37 वर्ष है। उन्होंने मेडिकल चेक-अप पास कर लिया पर वे अंतिम साक्षात्कार पास नहीं कर सके। उनके पास केमिस्ट्री में एमएससी की डिग्री है। उन्हें**

(a) चयनित किया गया
(b) अस्वीकृत कर दिया गया
(c) चयन बोर्ड के पास भेजा गया
(d) आंकड़े पूरे नहीं हैं।

**40. निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

**एक सॉफ्टवेयर कंपनी ने इंजीनियरों की भर्ती का फैसला किया है।**

**निम्नलिखित मानदंड लागू किये गये हैं।**

**एक अभ्यर्थी :**

(i) इंजीनियरिंग स्नातक में कम से कम 75% अंकों और एच.एस.सी. में 80% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।
(ii) कम से कम 2 वर्षों का कार्य अनुभव होना चाहिए
(iii) तीन वर्ष के बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार होना चाहिए।
(iv) 1.2.2017 को आयु 28 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

**हालांकि, यदि उम्मीदवार निम्नलिखित को छोड़कर उपर्युक्त सभी मानदंडों को पूरा करता है :**

(A) (i) लेकिन स्नातक में 50% और एच.एस.सी. में 70% अंक प्राप्त किये हैं और कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव है, तो इसे मामले को निदेशक को संदर्भित किया जा सकता है।
(B) (ii), लेकिन नौकरी समयावधि से पहले छोड़ने पर ₹ 1 लाख की राशि का भुगतान करने को तैयार है, मामला अध्यक्ष को संदर्भित किया जा सकता है।
(C) (ii), लेकिन एक कम्प्यूटर इंजीनियर है, मामला डी.जी.एम. को संदर्भित किया जा सकता है।

**नीचे दिए गए प्रश्न में, उम्मीदवार का विवरण दिया गया है। आपको प्रदान की गई जानकारी और उपरोक्त शर्तों व उप–शर्तों के आधार पर विकल्पों में सूचीबद्ध कार्यवाही में से एक करनी होगी। संदर्भ दिनांक 1.2.2017 है। आपको प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा अन्य किसी भी चीज पर विचार नहीं करना है।**

**दिव्या एक मैकेनिकल इंजीनियर है और पिछले एक वर्ष में एक सहायक इंजीनियर के रूप में काम कर रही है। उसने स्नातक और एच.एस.सी. में क्रमशः 82% और 87% अंक प्राप्त किये थे। उसने अभी 25 वर्ष की उम्र पूर्ण की है।**

(a) उम्मीदवार का चयन किया जाना चाहिए
(b) उसके मामले को अध्यक्ष के पास भेजा जाना चाहिए
(c) उसके मामले को निदेशक के पास भेजा जाना चाहिए
(d) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना चाहिए

**41. 'उपनयन समारोह' से क्या तात्पर्य है?**

(a) बच्चे को एक औपचारिक नाम दिया जाता है।
(b) बच्चे को सूर्य और चन्द्र के औपचारिक दर्शन कराए जाते हैं।
(c) बच्चे को पवित्र जनेऊ धारण कराया जाता है।
(d) बच्चे का विवाह किया जाता है।

**42. किसके शासनकाल में इब्न-बतूता भारत आया था?**

(a) इल्तुतमिश (b) मोहम्मद बिन तुगलक
(c) इब्राहिम लोदी (d) अकबर

**43. किस वर्ष में ईस्ट इंडिया कंपनी ने रणजीत सिंह के साथ अमृतसर की पहली संधि पर हस्ताक्षर किए?**

(a) 1800 (b) 1805
(c) 1806 (d) 1809

**44. रामकृष्ण मिशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) मुम्बई (b) चेन्नई
(c) बेलूर मठ (d) कुंभकोणम

**45. 16 अगस्त, 1946 को प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस मनाया गया।**

(a) हिन्दू लीग द्वारा (b) मुस्लिम लीग द्वारा
(c) ईसाई लीग द्वारा (d) सिख लीग द्वारा

**46. भारतीय संविधान में संघवाद निम्न में से किस देश से लिया गया है?**

(a) यू.एस.ए. (b) कनाडा
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) इटली

**47. त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का विचार किसने रखा था?**

(a) बलवंत राय मेहता कमेटी (b) अशोक मेहता कमेटी
(c) रॉयल कमीशन (d) इनमें से कोई नहीं

**48. वसंत विषुव होता है-**

(a) 21 मार्च को (b) 18 जून को
(c) 23 सितम्बर को (d) 22 दिसम्बर को

**49. कौन-सा जल निकाय अंडमान द्वीपों को निकोबार द्वीपों से अलग करता है?**

(a) 6° चैनल (b) 8° चैनल
(c) 9° चैनल (d) 10° चैनल

**50. भारत में राष्ट्रीय आय का आंकलन करने वाली संस्था है-**

(a) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(b) नीति आयोग
(c) वित्त मंत्रालय
(d) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

**51. एक साधारण लोलक की समय सीमा ______ पर निर्भर करती है।**

(a) लोलक की लंबाई
(b) लोलक बॉब के द्रव्यमान
(c) लोलक के तंतु में तनाव
(d) लोलक की सामग्री के घनत्व

**52. अल्फा किरणें हैं–**

(a) विद्युत चुम्बकीय विकिरण (b) ऋण आवेशित कण
(c) हाइड्रोजन के नाभिक (d) हीलियम के नाभिक

**53. कोशिका में निम्न में से कौन-सी पाचन थैली कहलाती है?**

(a) गॉल्जीकाय (b) माइटोकॉण्ड्रिया
(c) राइबोसोम (d) लाइसोसोम

**54. निम्नलिखित में से कौन एक इम्पैक्ट प्रिंटर नहीं है?**

(a) ड्रम प्रिंटर (b) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर
(c) इंकजेट प्रिंटर (d) डेजी व्हील प्रिंटर

**55. फ्लाई ऐश है-**

(a) $CO_2$ (b) कार्बनिक कणकीय पदार्थ
(c) ऐश के लघु कण (d) $NO_x$

**56. दूरदर्शन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**

(a) 1939 (b) 1949
(c) 1959 (d) 1969

**57. उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा अन्य कितने राज्यों को स्पर्श करती हैं?**

(a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9

**58. उत्तर प्रदेश में कौन-सी जनजाति दीपावली को शोक के रूप मे मनाती है?**

(a) सहरिया (b) थारु
(c) भोटिया (d) परहरिया

**59. 26 जून, 2024 को नाटो का नया महासचिव किसे नियुक्त किया गया ?**

(a) जेस स्टॉल्टेनबर्ग
(b) मार्क रूटे
(c) लिली बैंड
(d) इनमें से कोई नहीं

**60. जून, 2024 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) द्वारा जारी 'सतत विकास रिपोर्ट (SDR), 2024' में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?**

(a) 106वां (b) 108वां
(c) 110वां (d) 109वां

**61. Who is considered to be the Father of Modern Computers?**
**आधुनिक कंप्यूटरों का जनक किसे माना जाता है?**

(a) Gordon E Moore/गॉर्डन ई. मूरे
(b) Alan Turing/एलन ट्यूरिंग
(c) Charles Babbage/चार्ल्स बैबेज
(d) James Gosling/जेम्स गोसलिंग

**62. …….tells the computer's memory, arithmetic logic unit and input and output devices how to respond to a program's instructions.**
**...........कंप्यूटर की मेमोरी, अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट और इनपुट आउटपुट डिवाइस को बताता है कि किसी कार्यक्रम के इंस्ट्रक्शन्स को कैसे प्रतिक्रिया देना है।**

(a) Storage Unit/स्टोरेज यूनिट
(b) Input Device/इनपुट डिवाइस
(c) Control Unit/कंट्रोल युनिट
(d) Logic Unit/लॉजिक यूनिट

**63. Which one of the following is an output device?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एक आउटपुट डिवाइस है?**

(a) Printer/प्रिंटर
(b) Mouse/माउस
(c) MICR/मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकग्नीशन
(d) OCR /ऑप्टिकल कैरेक्टर रीडर

**64. Which of the following type of scanner reads characters with the help of a light?**
**निम्नलिखित में से किस प्रकार का स्कैनर अक्षरों को प्रकाश की मदद से पढ़ता है?**

(a) Optical Barcode Recognition
ऑप्टिकल बारकोड रिकॉग्निशन
(b) Optical mark Recognition
ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन
(c) Optical Character Recognition
ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन
(d) Magnetic Ink Character Recognition
मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन

**65. Which of the following is not a valid category of impact printers?/निम्नलिखित में से कौन उचित प्रकार का इम्पैक प्रिंटर नहीं है?**

(a) Chain printers/चैन प्रिंटर
(b) Line printers/लाइन प्रिंटर
(c) Band printers/बैण्ड प्रिंटर
(d) Ink-jet printers/इंक जेट प्रिंटर

**66. Technologies like ATM, SONET and Frame Relay are used by :**
**ATM, SONET और Frame Relay जैसी तकनीकों का उपयोग किसके द्वारा किया जाता है:**

(a) LAN (b) PAN
(c) WAN (d) MAN

**67. In terms of transmission speed, which of the following is the correct arrangement of LAN, MAN, and WAN in increasing order?**
**संचरण गति के संदर्भ में, बढ़ते क्रम में LAN, MAN और WAN की सही व्यवस्था निम्न में से कौन सी है?**

(a) WAN <MAN > LAN/वैन < मैन > लैन
(b) LAN < MAN < WAN/ लैन < मैन < वैन
(c) WAN > MAN < LAN/वैन > मैन < लैन
(d) WAN < MAN < LAN/वैन < मैन < लैन

68. **Which function Key displays the Print Preview window in Microsoft Office?**
**Microsoft Office ( माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस ) में कौन-सी फंक्शन की (function key) प्रिंट प्रिव्यू विंडो (Print Preview window) प्रदर्शित करती है?**
(a) Shift + F2
(b) Alt + F2
(c) Alt + Ctrl + F2
(d) Ctrl + F2

69. **.................feature of Excel will dynamically produce new outputs when one or more inputs in the referenced cells are changed.**
**जब संदर्भित सेल में एक या एक से अधिक इनपुट बदल दिए जाते हैं, तो एक्सेल की..............विशेषता (फीचर), गतिशील रूप से नए आउटपुट का उत्पादन करेगी।**
(a) Queries/क्वेरीज
(b) WordConnect/वर्डकनेक्ट
(c) Cell referencing/सेल रिफ्रेंसिंग
(d) Cell linking/सेल लिंकिंग

70. **Which of the following involves the execution of various tasks, such as creation of processes, scheduling of processes, management of deadlocks and termination of the processes?/निम्नलिखित में से किसमें विभिन्न कार्यों का निष्पादन शामिल है, जैसे-प्रक्रियाओं का निर्माण, प्रक्रियाओं का निर्धारण, गतिरोध का प्रबंधन और प्रक्रियाओं की समाप्ति?**
(a) Memory Management/मेमोरी मैनेजमेंट
(b) Process Management/प्रोसेस मैनेजमेंट
(c) File Management/फाइल मैनेजमेंट
(d) Device Management/डिवाइस मैनेजमेंट

71. **Which of the following protocols can create only on mailbox on a server?/निम्नलिखित में से किस प्रोटोकॉल से सर्वर पर केवल एक मेलबॉक्स बना सकते हैं?**
(a) FTP (b) POP
(c) SMTP (d) IMAP

72. **What is the correct full form of "VIRUS" in computer programming?**
**कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में "VIRUS" का सही पूर्ण रूप क्या है?**
(a) Vital Inter Change Result Until Source
(b) Vital Information Resources Under Seize
(c) Vital Information Recognize Search
(d) Vital Information Record User Seize

73. **Who is known as the father of computing?**
**गणना (कम्प्यूटिंग) करने के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?**
(a) Charles Faraday/चार्ल्स फैराडे
(b) Michael Jonathan/माइकल जोनाथन
(c) Charles Babbage/चार्ल्स बैबेज
(d) Douglas Well/डगलस वेल

74. **Information on a computer is stored as/कम्प्यूटर में सूचना को किस रूप में संग्रहीत किया जाता है।**
(a) analogue data/एनालॉग डेटा
(b) tabular data/सारणीबद्ध डेटा
(c) digital data/डिजिटल डेटा
(d) longitudinal data/अनुदैर्ध्य डेटा

75. **A part from alphabets and numeric characters, which of the following characters is also allowed to create a Gmail email ID?/जीमेल (Gmail) ईमेल आईडी बनाने के लिए, अक्षर और सांख्यिक अंकों के अलावा निम्नलिखित में से किस वर्ण की अनुमति भी दी जाती है?**
(a) डॉट (.) (b) इक्वल (=)
(c) एम्परसैंड (&) (d) डैश (–)

76. **The ALU and control unit together are usually referred to as _______**
**ए.एल.यू. और कन्ट्रोल यूनिट को एक साथ आमतौर पर .............. के रूप में जाना जाता है।**
(a) Input unit (b) Processor
(c) Storage unit (d) Output unit

77. **Global weather forecasting is done using?/वैश्विक मौसम पूर्वानुमान में इनमे से किसका उपयोग किया जाता है?**
(a) Minicomputers/मिनी कंप्यूटर
(b) Hybrid computers/हाइब्रिड कंप्यूटर
(c) Microcomputers/माइक्रो-कंप्यूटर
(d) Super computers/सुपर-कंप्यूटर

78. **Which computer generation replaced the IC (integrated circuit) with VLSI (Very Large Scale Intergration) circuit?/किस कम्प्यूटर जनरेशन ने IC ( इंटीग्रेटेड सर्किट ) को VLSI ( वेरी लार्ज स्केल इंटीग्रेशन ) सर्किट में बदल दिया?**
(a) Fourth (b) First
(c) Second (d) Third

79. **A finite-state machine with no output function at all is known as/एक परिमित स्टेट मशीन जिसमें कोई आउटपुट फंक्शन नहीं होता है उसे कहते है-**
(a) a null automation/एक शून्य ऑटोमेशन
(b) A full automation/एक पूर्ण ऑटोमेशन
(c) a dummy automation/एक डमी ऑटोमेशन
(d) a semi automation/सेमी ऑटोमेशन

**80. How many categories did Flynn describe the computers/फ्लिन ने कम्प्यूटरों की कितनी श्रेणियों का वर्णन किया है?**

(a) 3 (b) 4
(c) 1 (d) 2

**81. उत्तर प्रदेश में वन-महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है–**

(a) 8 जुलाई से 15 जुलाई (b) 16 जुलाई से 22 जुलाई
(c) 1 जुलाई से 7 जुलाई (d) 23 जुलाई से 30 जुलाई

**82. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान हमारे राज्य के निम्न में से किस जिले में स्थित है?**

(a) लखीमपुर खीरी (b) इनमें से कोई नहीं
(c) गोरखपुर (d) इटावा

**83. निम्न में से कौन सा जिला उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) फतेहपुर (b) जौनपुर
(c) महोबा (d) श्रावस्ती

**84. उत्तर प्रदेश .......... का सबसे बड़ा उत्पादक है।**

(a) केले (b) अमरूद
(c) आम (d) पपीते

**85. ''आर्यभट्ट नक्षत्रशाला'' स्थित है**

(a) गोरखपुर में (b) रामपुर में
(c) लखनऊ में (d) गाजियाबाद में

**86. उ.प्र. में माडर्न कोच फैक्ट्री कहाँ स्थित है?**

(a) बरेली (b) राय बरेली
(c) अमेठी (d) सुल्तानपुर

**87. उत्तर प्रदेश का राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लि. कहाँ स्थित है?**

(a) आगरा (b) कानपुर
(c) मुरादाबाद (d) गाजियाबाद

**88. निम्नलिखित में से किस शहर को कालीन का शहर (कारपेट सिटी) भी कहा जाता है?**

(a) भदोही (b) चेन्नई
(c) वाराणसी (d) मेरठ

**89. निम्नलिखित में से कौन-सा नाभिकीय शक्ति संयंत्र उत्तर प्रदेश में स्थित है?**

(a) कैगा (b) नरोरा
(c) कलपक्कम (d) काकरापार

**90. उत्तर प्रदेश में वैष्णववाद के सनकादि सम्प्रदाय का संस्थापक कौन था?**

(a) निम्बार्क (b) रामानुज
(c) विष्णुस्वामी (d) माधवाचार्य

**91. निम्नलिखित में से किस वर्ष वर्तमान उत्तर प्रदेश का प्रायः संपूर्ण क्षेत्र बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके आगरा प्रेसीडेंसी के अधीन कर दिया गया?**

(a) 1832 ई. (b)1833 ई.
(c) 1834 ई. (d)1835 ई.

**92. उत्तर प्रदेश का प्राचीनतम जीवन्त नगर है:**

(a) अयोध्या (b) कन्नौज
(c) इलाहाबाद (d) वाराणसी

**93. चंदेल शासन के दौरान उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र जेजाक-भुक्ति या जयहोटी के नाम से जाना जाता था?**

(a) अवध (b) बुंदेलखंड
(c) काशी (d) दो-आब

**94. परमहंस योगानंद गिरि, जिन्होंने पश्चिम को योग के ज्ञान से परिचित किया, का जन्म .............. में हुआ था।**

(a) प्रयागराज (इलाहाबाद) (b) वाराणसी
(c) गोरखपुर (d) कुशीनगर

**95. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है।**

| **(उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक मेले)** | **(स्थान/क्षेत्र)** |
|---|---|
| (a) जल विहार का मेला | – बुन्देलखंड |
| (b) बटेश्वर का मेला | – पश्चिमांचल |
| (c) बलदेव छठ का मेला | – पूर्वांचल |
| (d) शुक्रताल का मेला | – मुजफ्फर नगर |

**96. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है?**

(a) देवा — बाराबंकी (b) आल्हा — महोबा
(c) कर्मा — मथुरा (d) कज़री — मिर्जापुर

**97. उत्तर प्रदेश के चरकुला नृत्य में महिला अपने सिर पर क्या रखकर नृत्य करती है?**

(a) पानी से भरा मिट्टी का बर्तन
(b) दूध से भरा मिट्टी का बर्तन
(c) तेल के दीपक
(d) चार मिट्टी के बर्तन

**98. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये –**

| **सूची-I (संस्थान)** | **सूची-II (स्थापना वर्ष)** |
|---|---|
| A. भातखण्डे संगीत संस्थान | 1. 1926 |
| B. राज्य ललित कला अकादमी | 2. 1962 |
| C. उ. प्र. संगीत नाटक अकादमी | 3. 1963 |
| D. भारतेन्दु नाट्य अकादमी | 4. 1975 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**99. उत्तर प्रदेश राजस्व कोड निम्नलिखित में से किस वर्ष में स्थापित किया गया था?**

(a) 2010 (b) 2012
(c) 2008 (d) 2006

**100. जनगणना रिपोर्ट 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश में बाल लिंगानुपात क्या है?**

(a) 898 (b) 912
(c) 916 (d) 902

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 11. (a) | 21. (a) | 31. (c) | 41. (c) | 51. (a) | 61. (b) | 71. (b) | 81. (c) | 91. (b) |
| 2. (d) | 12. (a) | 22. (a) | 32. (d) | 42. (b) | 52. (d) | 62.(c) | 72. (b) | 82. (a) | 92.(d) |
| 3. (d) | 13. (b) | 23. (a) | 33. (b) | 43. (d) | 53. (d) | 63. (a) | 73. (c) | 83. (c) | 93. (b) |
| 4. (a) | 14. (d) | 24. (b) | 34. (a) | 44. (c) | 54. (c) | 64. (c) | 74. (c) | 84. (c) | 94. (c) |
| 5. (d) | 15. (d) | 25. (b) | 35. (d) | 45. (b) | 55.(c) | 65. (d) | 75. (a) | 85. (b) | 95. (c) |
| 6. (d) | 16. (d) | 26. (d) | 36. (d) | 46. (b) | 56. (c) | 66. (c) | 76. (b) | 86. (b) | 96.(c) |
| 7. (d) | 17. (a) | 27. (d) | 37. (b) | 47. (a) | 57. (c) | 67. (d) | 77. (d) | 87. (a) | 97. (c) |
| 8. (d) | 18. (a) | 28. (a) | 38. (b) | 48. (a) | 58. (b) | 68. (d) | 78. (a) | 88.(a) | 98.(a) |
| 9. (b) | 19. (d) | 29. (a) | 39. (b) | 49. (d) | 59. (b) | 69. (c) | 79. (d) | 89. (b) | 99. (d) |
| 10. (a) | 20. (d) | 30. (b) | 40. (d) | 50.(d) | 60. (d) | 70. (b) | 80. (b) | 90. (a) | 100.(d) |

## SOLUTION

**1. (b)**

**संवृत स्वर**- संवृत स्वर या ऊँचा स्वर ऐसी स्वर ध्वनि होती है जिसमें बिना व्यंजन की ध्वनि बनाए, जिह्वा को मुंह में जितना सम्भव हो सके उतना ऊँचा और तालु से समीप रखा जाता है। उदाहरण के लिए 'ई' एक संवृत स्वर है।

**विवृत स्वर**- विवृत स्वर या निम्न स्वर ऐसी ध्वनि होती है जिसमें जिह्वा को मुंह में जितना सम्भव हो सके उतना नीचे और तालु से दूर रखा जाता है।

उदाहरण के लिए 'आ' एक विवृत स्वर है।

**2. (d)**

दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - सवेरा हुआ, चिड़िया चहचहाने लगी।

**3. (d)**

(i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी है- शृंगार, शृंखला एवं अनुकृत, अनुकृति।

**4. (a)**

प्रश्नगत विकल्पों में 'उसने' अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

**(i) उत्तम पुरुष–** बात को कहने वाला (वक्ता/लेखक) जैसे– मैं, हम, मैंने आदि।

**(ii) मध्यम पुरुष–** जिससे बात कही जाय (श्रोता/पाठक) जैसे– तुमने, आप, तुम आदि।

**(iii) अन्य पुरुष–** जिसके सम्बन्ध मे बात कही जाय। जैसे– वह, उसने, यह, ये आदि।

**5. (d)**

दिये गये वाक्यों में लम्बा, नीली तथा अच्छा गुणवाचक विशेषण है। अतः (A), (B) और (C) विकल्प में दिये गये वाक्य में गुणवाचक विशेषण हैं।

**6. (d)**

'लड़का सोता है।' सकर्मक क्रिया वाला वाक्य नहीं है। क्योंकि वाक्य में 'सोना' अकर्मक क्रिया है। शेष विकल्पों के वाक्य सकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं।

**7. (d)**

'मैं' आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ वाक्य में 'परिमाणवाचक क्रिया विशेषण' है। परिमाणवाचक वाक्य में परिमाण अंशतः (शब्द) से बोध होता है।

**8. (d)**

दिये गये प्रश्न में प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह शब्द पुल्लिंग हैं। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

**9. (b)**

दिये गये विकल्पों में 'दर्शन' शब्द एकवचन नहीं है। विकल्पों के रूप में दिये गये अन्य शब्द एकवचन हैं – सत्य, व्यथा, वर्षा। दर्शन शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है।

**10. (a)**

'आप गाएँ तो मैं नाचूँ।' यह वाक्य क्रिया के हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल का बोध करा रहा है। क्रिया के जिस रूप से एक कार्य का पूरा होना दूसरे आने वाले समय की क्रिया पर निर्भर करता है उसे हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल कहते हैं। **जैसे**- वह कमाए तो खाए।

**11. (a)**

दिया गया वाक्य 'माणिक को पत्र लिखा - कर्त्ता कारक' कारक चिह्नों की दृष्टि से असंगत है। इसमें कर्म कारक होगा।

**12. (a)**

| तत्सम | | तद्भव |
|---|---|---|
| कपाट | - | किवाड़ |
| कर्पूर | - | कपूर |
| कोटि | - | करोड़ |
| किरण | - | किरन |
| गोधूम | - | गेहूँ |

**13. (b)**

वाक्य 'उस लाचार विधवा की दुर्दशा देखकर सरदार को हमदर्दी हुई' ये तीन उपसर्ग है। जो इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| लाचार | ला | आचार |
| दुर्ददश | दुर | दशा |
| हमदर्दी | हम | दर्दी/दर्द |

**14. (d)**
विपरीतार्थक शब्दों की दृष्टि से **'व्यस्त-निरस्त'** युग्म सही नहीं है। जिसका शुद्ध रूप इस प्रकार है-

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| व्यस्त | अव्यस्त |
| मुख्य | गौण |
| विवाद | निर्विवाद |
| जय | पराजय |

**15. (d)**
'कपाल' शब्द 'कौशल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है। **कौशल के पर्यायवाची–** योग्यता, कला, हुनर, निपुणता, दक्ष।
**कपाल के पर्यायवाची–**खोपड़ी, ललाट, सिर, मस्तक।

**16. (d)**
'अज-अजन्मा' का अर्थ होता है जिसका कभी जन्म और मृत्यु न हो अर्थात् ईश्वर; जिसका न तो जन्म होता है और न ही मृत्यु।

**17. (a)**
वाक्यांशों का विवरण–

| **वाक्यांश** | **एक शब्द** |
|---|---|
| • जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके | अच्युत |
| • न टूटने वाला | अटूट |
| • जो अपनी बात से न टले | अटल |
| • जो दिया न जा सके | अदेय |

**18. (a)**
दिए गए विकल्पों में 'निरंतर' शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है।
निः + अंतर = निरंतर
अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं–
दिक् + गज = दिग्गज → व्यंजन संधि
मही + ईश = महीश → दीर्घ संधि
जगत् + ईश = जगदीश → व्यंजन संधि

**19. (d)**
उपर्युक्त विकल्पों में संयुक्त वाक्य निम्न होगा– विजय ने दौड़ में भाग लिया और उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
**संयुक्त वाक्य–** जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक स्वतन्त्र उपवाक्य समानाधिकरण योजक शब्दों (और, परन्तु, इसलिए आदि) के माध्यम से जुड़े रहते है उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं।
जैसे– राम ने पढ़ाई नहीं किया इसलिए वह परीक्षा मे अनुत्तीर्ण हो गया।

**20. (d)**
'कच्ची गोलियाँ खेलना' मुहावरे का सही अर्थ 'अनुभव की कमी होना' है।

**21. (a)**
जिस प्रकार, उसी प्रकार,
$7^3 = 343$ $5^3 = 125$

**22. (a)**
दी गई शृंखला निम्न प्रकार है-


अतः रिक्त स्थानों पर K-11 तथा M-13 होगा।

**23.** (a)
उपग्रह, तारा, सूर्य तथा पृथ्वी आकार युक्त खगोलीय पिंड है जबकि ब्रह्माण्ड के अन्तर्गत ये सभी आते हैं।

**24. (b)**
चूंकि मानव का रक्त लाल होता है और यहाँ पर लाल को हरा कहा गया है। अतः मानव का रक्त हरे रंग का होगा।

**25. (b)**
रक्त संबंध आरेख निम्न है-


स्पष्ट है कि R, P का मामा है।

**26. (d)**
अक्षर शृंखला (FL) को दी गई शृंखला के पहले लगाने पर सामान्य शब्द बनेंगे, जो इस प्रकार हैं–

| FLIGHT, | FLAME, | FLEW, | FLAT |
|---|---|---|---|
| (हवाई यात्रा) | (ज्वाला) | (उड़ाना) | (समतल) |

**27. (d)**
आरेख से स्पष्ट है कि-
(i) सर्वेक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 54 है।
(ii) 20 कर्मचारी केवल दो भाषाएं बोल सकते है।
(iii) 3 कर्मचारी ऐसे हैं जो तीन भाषाएं बोल सकते हैं।
(iv) 30 कर्मचारी हिन्दी बोल सकते हैं।
(v) 24 कर्मचारी मराठी बोलते है।
अतः स्पष्ट है कि 23 कर्मचारी केवल दो भाषाएँ बोलते हैं, गलत है।

**28.** (a)
माना छोटे व्यक्ति की वर्तमान आयु $= x$
तथा बड़े व्यक्ति की वर्तमान आयु $= x + 16$
6 वर्ष पूर्व,
$3(x - 6) = x + 16 - 6$
$3x - 18 = x + 10$
$2x = 28$
$x = 14$ वर्ष
बड़े व्यक्ति की वर्तमान आयु $= x + 16$
$= 14 + 16$
$= 30$ वर्ष

**29.** (a)
दिये गये कथनानुसार-वृत्ताकार मेज पर पलक,क्विंसी, रमेश,श्याम,तिमिर,उमंग,वंदन और विला को मेज के केन्द्र की ओर मुख करके बैठाने पर-




अतः क्विंसी के तुरन्त बाँये 'वंदन' बैठा है।

**30. (b)**

प्रश्न में दिया गया अनुक्रम पूर्ण रूप में निम्नवत् होगा–




इस प्रकार से उपरोक्त अनुक्रम का अगला पद R512 होगा।

**31. (c)**

जिस प्रकार,

6+4-2=8,

4+2-6=0,

तथा

7+2-6=3,

उसी प्रकार,

3+2-4=1

**32. (d)**

उपरोक्त प्रश्न में आंकड़े (X) में बनी आकृति के अन्दर मौजूद 'सभी आकृतियाँ' उत्तर के विकल्प (d) में बनी आकृति के अन्दर पूर्णरूप से यथावत् मौजूद हैं।

**33.(b)**

R U S G A
| | | | |
1 3 5 7 9

से एक अर्थपूर्ण शब्द 'SUGAR' बनेगा। अतः संख्याओं का संयोजन होगा-

S U G A R
| | | | |
5 3 7 9 1

**34. (a)**

दिये गये संयोजन की पानी में निम्न छवि प्राप्त होगी।




**35. (d)**

पासे की जब दो संख्या common हो तो common संख्या/फलक को छोड़कर बचा हुआ भाग एक दूसरे के विपरीत फलक होते है।

$\therefore$ 5 का विपरीत = 4

**36. (d)**




निष्कर्ष : I. ×
II. ×
III. ×
IV. ×

**37. (b)**

विद्यार्थियों के लिए विशेषकर शहरी स्कूलों के बच्चों को शारीरिक शिक्षा व व्यायाम की अत्यधिक आवश्यकता होती है जो कि उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक है। स्कूलों में इसे बंद कर देने पर भविष्य में बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है। अतः केवल तर्क II मजबूत है।

**38. (b)**

**तथ्य:**

सभी क्लेम हैंडलर्स ग्राहकों से बात करते हैं।

'J' ग्राहकों से बात नहीं करता है।

केवल एडमिनिस्ट्रेटर ग्राहकों से बात नहीं करते हैं।

**निष्कर्ष:**

'J' एक क्लेम्स हैंडलर्स है। (×)

दिये गए तथ्य से स्पष्ट है कि 'J' एडमिनिस्ट्रेटर्स है। अतः निष्कर्ष गलत है।

**39. (b)**

दी गई सूचना के अनुसार श्री 'J' अंतिम साक्षात्कार पास नहीं कर सके। अतः उन्हें नौसेना मुख्यालय में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए अस्वीकृत कर दिया गया।

**40. (d)**

| शर्त | उम्मीदवार (दिव्या) | उपशर्त | कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| (i) इंजी. स्नातक- 75% तथा HSC-80% | स्नातक - 82% HSC-87% | (A) (i) स्नातक HSC - 70% अनुभव–3 वर्ष शेष पूरा | निदेशक |
| (ii) कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव | अनुभव 1 वर्ष | (C) (ii) 2 वर्ष से कम कार्यानुभव | अध्यक्ष |
| (iii) तीन वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार होना चाहिए। | कोई जानकारी नहीं | (B) (iii) तीन वर्ष के भीतर नौकरी छोड़ने पर जुर्माना- 1 लाख | डी.जी.एम. |
| (iv) 1 फरवरी 2017 को आयु 21 वर्ष से अधिक तथा 28 वर्ष से कम | 25 वर्ष | | |

दी गयी शर्त एवं उपशर्त के अनुसार दिव्या के तीन वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने की कोई जानकारी नहीं है। अतः उम्मीदवार (दिव्या) का चयन नहीं किया जाना चाहिए तथा उम्मीदवार (दिव्या) के संदर्भ में कोई कार्यवाही नहीं होगी।

**41. (c)**

उपनयन संस्कार को यज्ञोपवीत संस्कार के नाम से भी जानते हैं, इसमें बच्चे को पवित्र जनेऊ (यज्ञोपवीत) धारण कराया जाता है। इसमें तीन धागे होते थे, जिन्हें सत्, रज एवं तम का प्रतीक माना जाता है।

**42.. (b)**

इब्न-बतूता 1333 ई॰ में मोहम्मद बिन तुगलक के काल में भारत आया था। वह मोरक्को (अफ्रीका) का निवासी था, इसका मूल नाम शेख फतह अबू अब्दुल्ला या अब्दुल्ला मुहम्मद-बिन-बतूता था। मोहम्मद बिन तुगलक ने उसे दिल्ली का काजी नियुक्त किया, 1342 ई॰ में मोहम्मद बिन तुगलक ने इब्नबतूता को अपना राजदूत बनाकर चीन भेजा था। इसने अपना यात्रा वृत्तान्त को **रेहला** नामक ग्रंथ में लिपिबद्ध किया।

**43. (d)**

25 अप्रैल, 1809 ई. को अमृतसर की संधि राजा रणजीत सिंह तथा अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी) के मध्य हुई थी। इस संधि पर मेटकॉफ और रणजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए थे। संधि की शर्तों के अनुसार सतलज नदी को दोनों राज्यों की सीमा मान ली गई तथा सतलज के पूरब के राज्य अब अंग्रेजों के पास चले गये। इस समय लार्ड मिंटो प्रथम, भारत का गवर्नर जनरल था।

**44. (c)**

रामकृष्ण मिशन की स्थापना 1 मई, 1897 ई0 को हुई थी। इस मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानन्द ने की थी जो, रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे। इस मठ की विश्व में कुल 205 शाखाएं हैं और इसका मुख्यालय पश्चिम बंगाल के बेलूर मठ में स्थित है। यह संगठन वेदांत की हिन्दू विचारधारा को मानता है।

**45. (b)**

16 अगस्त,1946 को मुस्लिम लीग द्वारा सीधी कार्यवाही दिवस मनाया गया। इसका कारण वायसराय द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू को अंतरिम सरकार बनाने के लिए 12 अगस्त 1946 ई. को निमंत्रण भेजना था जिसे जवाहर लाल नेहरू ने स्वीकार कर लिया। मुस्लिम लीग ने जिन्ना के नेतृत्व में इसके विरोध में पाकिस्तान को प्राप्त करने के लिए ''प्रत्यक्ष कार्यवाही'' की घोषणा दी।

**46. (b)**

भारतीय संविधान में संघवाद-कनाडा से लिया गया है।

**भारतीय संविधान में अन्य देशों से लिए गये उपबन्ध**

**यू0एस0ए0 के संविधान से–**मूल अधिकार, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्यायिक पुनरावलोकन का सिद्धांत, उप-राष्ट्रपति का पद, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का पद से हटाया जाना और राष्ट्रपति पर महाभियोग।

**आस्ट्रेलिया के संविधान से–**समवर्ती सूची, व्यापार, वाणिज्य और समागम की स्वतंत्रता और संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक।

**47. (a)**

भारत में प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। 24 अप्रैल, 1993 को ही 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ। बलवंत राय मेहता समिति- (1957) की संस्तुति पर त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गयी। अशोक मेहता समिति (1977) ने द्विस्तरीय पर पंचायती राज की संस्तुति की थी।

**48. (a)**

भारत में वसंत विषुव की समयसीमा 21 मार्च को होता है। इस समय सूर्य भूमध्य रेखा पर लम्बवत् चमकता है। इस समय उत्तरी गोलार्द्ध में वसंत ऋतु होती है।

**49.** (d)

$10^o$ चैनल एक जल अन्तराल है, जो बंगाल की खाड़ी में अंडमान द्वीप और निकोबार द्वीप समूह को एक दूसरे से अलग करता है। इसलिए इसे $10^\circ$ चैनल नाम दिया गया है। यह भूमध्य रेखा के उत्तर में अक्षांश की $10^\circ$ डिग्री रेखा पर स्थित है।

**50.**(d)

भारत में राष्ट्रीय आय की गणना केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (C.S.O.) द्वारा की जाती है, जिसकी स्थापना 2 मई 1951 में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के सचिवालय में की गयी। CSO, सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत कार्यरत है। CSO राष्ट्रीय आय का अनुमान के लिए उत्पाद विधि, आय विधि तथा व्यय विधि अर्थात् तीनों विधियों का प्रयोग करता है।

**51. (a)**

यदि लंबाई में न बढ़ने वाली, ऐंठन रहित भारहीन डोरी के एक सिरे पर भारी ठोस पिण्ड को लटकाकर, डोरी के दूसरे सिरे को घर्षण रहित दृढ़ आधार से बांध दें तो इस प्रकार बना हुआ निकाय सरल लोलक कहलाता है। सरल लोलक का आवर्तकाल लोलक की लंबाई पर निर्भर करता है जैसे-यदि सरल लोलक की लंबाई 4 गुना कर दिया जाये तो उसका आवर्तकाल 2 गुना हो जायेगा।

**52. (d)**

वास्तव में अल्फा किरणें हीलियम के नाभिक होते हैं जिसमें दो प्रोटॉन तथा दो न्यूट्रॉन होते हैं।

**53. (d)**

लाइसोसोम्स कोशिकांग में एण्डोसाइटोसिस द्वारा लाये गये प्रोटीन तथा अन्य पदार्थों का पाचन होता है। पचे हुए कण एक झिल्ली द्वारा ढक लिये जाते हैं और यह रचना फैगोसोम कहलाती है। जब फैगोसोम और प्राथमिक लाइसोसोम एक हो जाते हैं तो लाइसोसोम के विकर और फैगोसोम द्वारा लाये गये कणों का पाचन होता है। भोजन की कमी के समय लाइसोसोम साइटोप्लाज्म में स्थित प्रोटीन, लिपिड तथा कार्बोहाइड्रेट का पाचन करता है तथा कोशिका भी विखण्डित हो जाती है। इसी कारण इसे 'आत्महत्या की थैली' कहा जाता है।

**54. (c)**

**इम्पैक्ट प्रिंटरः-**

यह एक प्रकार का प्रिंटर है जो कागज के साथ एक इंक रिबन के सीधे संपर्क से काम करता है।

**उदाहरण-** डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर, डेजी- व्हील प्रिंटर, ड्रम प्रिंटर और लाइन प्रिंटर।

**नॉन-इम्पैक्ट प्रिंटरः-** नॉन-इम्पैक्ट प्रिंटर में इंक-रिबन और पेपर में सीधा सम्पर्क नहीं होता है।

**उदाहरण-** इंकजेट प्रिंटर, लेजर प्रिंटर और थर्मल प्रिंटर।

**55.(c)**
फ्लाई ऐश सूक्ष्म पाउडर होता है जो वायु के साथ दूर तक यात्रा करता है। इसका उत्सर्जन मुख्यतः कोयला आधारित ताप विद्युत घरों से होता है। फ्लाई ऐश कणों का निर्माण एल्युमिनियम सिलिकेट, सिलिकॉन डाईऑक्साइड ($SiO_2$) तथा कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) आदि से होता है। इसमें शीशा, आर्सेनिक, कोबाल्ट एवं कॉपर जैसी जहरीली भारी धातुओं के कण होते हैं। यदि फ्लाई ऐश का ठीक से अभिग्रहण न किया जाये तो यह जीवों में श्वसन तंत्र के रोग उत्पन्न करती है।

**56. (c)**
'दूरदर्शन' भारत सरकार द्वारा नामित 'प्रसार भारती' के अंतर्गत चलाया जाने वाला आधिकारिक चैनल है। इसकी स्थापना 15 सितम्बर, 1959 को नई दिल्ली में की गयी थी।

**57. (c)**
उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा कुल 8 राज्यों (हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार, उत्तराखण्ड तथा एक केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली को स्पर्श करती है।

**58. (b)**
उत्तर प्रदेश की थारु जनजाति दीपावली को शोक के रूप में मनाती है। थारु जनजाति मुख्य रूप से उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में पाई जाती है। यह संयुक्त परिवार प्रथा वाली जनजाति है। थारु जनजाति हिन्दुओं के सभी त्योहार मनाते हैं।

**59.** (b)
जून, 2024 में नाटो का नया महासचिव मार्क रूटे को नियुक्त किया गया। उन्होंने जैसे स्टॉल्टेनबर्ग का स्थान लिया। मई, 2024 तक नाटो संगठन में कुल 32 सदस्य देश है। इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स में है।

**60.** (d)
जून, 2024 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा 'सतत विकास रिपोर्ट, 2024' जारी किया गया। सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में फिनलैण्ड पहले, स्वीडन दूसरे तथा डेनमार्क तीसरे स्थान पर रहा। भारत इस सूचकांक में शामिल 166 देशों में से 109वें स्थान पर रहा।

**61. (b)**
एलन ट्यूरिंग को आधुनिक कम्प्यूटर का जनक कहा जाता है। उनका जन्म 23 जून, 1912 ई0 को इंग्लैण्ड शहर में हुआ था। उन्होंने ट्यूरिंग मशीन का आविष्कार किया जो एल्गोरिद्म और संगणना की अवधारणा के लिए विख्यात थी।

**62.(c)**
कंट्रोल यूनिट कम्प्यूटर के हर घटक को नियन्त्रित करता है। यह इनपुट तथा आउटपुट क्रियाओं को नियन्त्रित करता है, साथ ही ALU एवं मेमोरी के बीच डाटा के आदान-प्रदान को निर्देशित करता है। यह इस बात को तय करता है कि कोई प्रोग्राम किस प्रकार से रन होगा। कन्ट्रोल यूनिट सी.पी.यू. से डायरेक्ट जुड़ा होता है। कम्प्यूटर अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट और इनपुट और आउटपुट डिवाइस भी एक दूसरे से जुड़े होते है।

**63. (a)**
**प्रिंटर-** प्रिंटर एक इलेक्ट्रॉनिक आउटपुट डिवाइस है। यह कम्प्यूटर की सॉफ्ट कॉपी को हार्ड कापी में परिवर्तित करता है। यह एक प्रकार का आउटपुट डिवाइस है।

**माउस-** माउस इनपुट डिवाइस है, जिसका वास्तविक नाम प्वाइंटिंग डिवाइस (pointing device) है। इसका उपयोग मुख्य रूप से कम्प्यूटर स्क्रीन पर आइटम को चुनने, उनकी तरफ आने तथा उन्हें खोलने एवं बंद करने में किया जाता हैं माउस के द्वारा यूजर कम्प्यूटर को निर्देश देता है।

**MICR -** MICR का पूरा नाम मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकग्नीशन हैं यह इनपुट डिवाइस है। इस डिवाइस का प्रयोग बैंकों में चेक को पढ़ने के लिए किया जाता है।

**OCR-** OCR का पूरा नाम ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्नीशन है, इस तकनीक के द्वारा छपे हुए कैरेक्टर्स में परस्पर तुलना करके OCR के मानक कैरेक्टर्स को पहचाना जाता है।

**64.** (c)
ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन स्कैनर तथा विशेष सॉफ्टवेयर का समायोजन है जो प्रिंटेट डेटा या हस्तलिखित डेटा को ASCII में रूपान्तरित कर देता है। इसका उपयोग कागजी रिकार्ड को Electric Filling तथा स्कैन चालान को स्प्रेड शीट में परिवर्तित करता है।

**65. (d)**
प्रिंटर एक आउटपुट डिवाइस है, जो कम्प्यूटर से प्राप्त जानकारी को कागज पर छापता है। नॉन–इम्पैक्ट प्रिंटिंग में प्रिंट हैड या कागज के मध्य संपर्क नहीं होता है। इसमें लेजर प्रिंटिंग द्वारा प्रिंटिंग की जाती है, जो प्रभावी प्रिंटर की मान्य श्रेणी नहीं है। इंक-जेट प्रिंटर में प्रिंट हैड या कागज के मध्य संपर्क नहीं होता है।

**66. (c)**
वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) द्वारा ATM, SONET और Frame Relay जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
फ्रेम रिले एक मानकीकृत वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) तकनीक है जो एक पैकेट स्विचिंग पद्धति का उपयोग करके डिजिटल दूरसंचार चैनलों की भौतिक और डेटा लिंक परतों को निर्दीष्ट करती है।
वैन (WAN) तकनीक, एसिंक्रोनस ट्रांसफर मोड (ATM) एक ट्रांसफर मोड है। स्विचिंग और ट्रांसमिशन के लिए जो कुशलतापूर्वक और लचीले ढंग से जानकारी को सेल्स (Cells) में व्यवस्थित करता है।
सिंक्रोनस ऑप्टिकल नेटवर्किंग (SONET) एक मानकीकृत डिजिटल संचार प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग फाइबर ऑप्टिक माध्यम से लंबी दूरी पर बड़ी मात्रा में डेटा संचालित करने के लिए किया जाता है।

**67. (d)**
संचरण गति के संदर्भ में, LAN की संचरण गति अधिक होती है। जबकि MAN की संचरण गति औसत होती है और WAN की संचरण गति कम होती है।
अतः बढ़ते क्रम में WAN < MAN < LAN होगा।
LAN - Local Area Network
MAN - Metropolitan Area Network
WAN - Wide Area Network

**68. (d)**
माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में Ctrl + F2 दबाने पर प्रिंट प्रिव्यू पेज खुलेगा, जो डॉक्युमेंट के प्रिंट होने पर कैसा दिखेगा प्रदर्शित करता है।